

Chapter

# 29

# नाइट्रोजन युक्त यौगिक

*प्रमुख नाइट्रोजन युक्त यौगिक एल्किल नाइट्राइट ($RONO$), नाइट्रोएल्केन ($RNO_2$), एरोमैटिक नाइट्रोयौगिक ($ArNO_2$), एल्किल सायनाइड ($RCN$), एल्किल आइसोसायनाइड ($RNC$), एमीन ($-NH_2$), एरिल डाइएजोनियम लवण ($ArN_2Cl$), एमाइड ($-CONH_2$) एवं ऑक्सीम ($>C = NOH$) हैं।*

## एल्किल नाइट्राइट एवं नाइट्रोएल्केन (Alkyl nitrites and nitroalkanes)

नाइट्रस अम्ल दो चलावयवी रूपों में पाया जाता है।

$$\underset{\text{नाइट्राइट रूप}}{H-O-N=O} \rightleftharpoons \underset{\text{नाइट्रो रूप}}{H-N\begin{smallmatrix}\nearrow O\\ \searrow O\end{smallmatrix}}$$

इन दो रूपों के संगत, नाइट्रस अम्ल दो प्रकार के व्युत्पन्न देता है, अर्थात एल्किल नाइट्राइट एवं नाइट्रोएल्केन

$$\underset{\text{एल्किल नाइट्राइट}}{R-O-N=O}\ ;\ \underset{\text{नाइट्रो एल्केन}}{R-N\begin{smallmatrix}\nearrow O\\ \searrow O\end{smallmatrix}}$$

*महत्वपूर्ण बात ये है कि नाइट्रोएल्केन को एल्केन के नाइट्रो व्युत्पन्न के नाम से बेहतर जाना जाता है, जबकि एल्किल नाइट्राइट को नाइट्रस अम्ल के एल्किल एस्टर की तरह जाना जाता है।*

(1) **एल्किल नाइट्राइट** : महत्वपूर्ण एल्किल नाइट्राइट, एथिल नाइट्राइट है।

### एथिल नाइट्राइट ($C_2H_5ONO$)

(i) ***बनाने की सामान्य विधियाँ***: इसे बनाया जाता है

(a) अत्यंत कम ताप ($0°C$) पर सोडियम नाइट्राइट एवं एथिल एल्कोहल के जलीय विलयन में सान्द्र $HCl$ अथवा $H_2SO_4$ मिलाकर

$$NaNO_2 + HCl \rightarrow NaCl + HNO_2$$

$$C_2H_5OH + HNO_2 \rightarrow \underset{\text{एथिल नाइट्राइट}}{C_2H_5ONO} + H_2O$$

(b) एथिल आयोडाइड से

$$\underset{\text{एथिल आयोडाइड}}{C_2H_5I} + \underset{\text{पोटेशियम नाइट्राइट}}{KONO} \rightarrow \underset{\text{एथिल नाइट्राइट}}{C_2H_5ONO} + KI$$

(c) एथिल एल्कोहल पर $N_2O_3$ की क्रिया द्वारा

$$2C_2H_5OH + N_2O_3 \rightarrow 2C_2H_5ONO + H_2O$$

(ii) ***भौतिक गुण***

(a) *सामान्य ताप पर ये गैस है जिसे ठण्डा करने पर, रंगहीन द्रव में (क्वथनांक 17°C) द्रवित किया जा सकता है, इसमें सेब के समान लाक्षणिक गन्ध होती है।*

(b) *ये जल में अविलेय किन्तु एल्कोहल एवं ईथर में विलेय है।*

(iii) ***रासायनिक गुण***

(a) *जलअपघटन*: ये जलीय क्षार अथवा अम्ल द्वारा एथिल एल्कोहल में जल अपघटित हो जाता है।

$$C_2H_5ONO + H_2O \xrightarrow{NaOH} C_2H_5OH + HNO_2$$

(b) *अपचयन*:

$$C_2H_5ONO + 6H \xrightarrow[HCl]{Sn} C_2H_5OH + NH_3 + H_2O$$

कुछ मात्रा हाइड्रॉक्सिल एमीन की भी बनती है।

$$C_2H_5ONO + 4H \rightarrow C_2H_5OH + NH_2OH$$

(iv) ***उपयोग***

(a) एथिल नाइट्रेट रक्त वाहिनियों को फैलाता है और इस तरह नाड़ी दर, एवं न्यून रक्त दाब को त्वरित करता है, इसलिये इसका उपयोग दमा एवं हृदय रोग (एन्जाइना पेक्टोरिस) के उपचार के लिये दवा की तरह करते हैं।

(b) इसका 4% एल्कोहलिक विलयन (जिसे नाइटर की मधुर स्प्रिट कहते हैं) दवा में डाइयूरेटिक की तरह प्रयुक्त होता है ।

(c) चूँकि ये आसानी से जलअपघटित होकर नाइट्रस अम्ल बनाता है, इसलिये इसका उपयोग कार्बनिक संश्लेषण में नाइट्रस अम्ल के स्रोत की तरह होता है।

❑ ***आइसोएमिल नाइट्राइट*** *का प्रयोग एंजाइना पेक्टोरिस में एण्टीस्पास्मोडिक की तरह तथा हृदय घात में पुनः संचय की तरह करते हैं।*

(2) **नाइट्रोएल्केन अथवा नाइट्रोपैराफिन** : नाइट्रोएल्केन को हाइड्रोकार्बन के नाइट्रो व्युत्पन्न की तरह माना जाता हैं ।

(i) ***वर्गीकरण***: इन्हें प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक नाइट्रोएल्केन में वर्गीकृत किया गया है जो नाइट्रोसमूह से जुड़ने वाले कार्बन परमाणु की प्रकृति पर निर्भर करता है।

$$\underset{\text{प्राथमिक नाइट्रो एल्केन}}{RCH_2NO_2} \; ; \; \underset{\text{द्वितीयक नाइट्रो एल्केन}}{R_2CHNO_2} \; ; \; \underset{\text{तृतीयक नाइट्रो एल्केन}}{R_3C-NO_2}$$

(ii) ***बनाने की सामान्य विधियाँ***

(a) एल्किल हैलाइड को सिल्वर नाइट्राइट के जलीय या एल्कोहलिक विलयन के साथ गर्म करके

$$C_2H_5Br + AgNO_2 \rightarrow C_2H_5NO_2 + AgBr$$

इस अभिक्रिया में कुछ मात्रा एल्किल नाइट्राइट की भी बनती है। चूँकि एल्किल नाइट्राइट का क्वथनांक अन्य नाइट्रोएल्केन की तुलना में बहुत कम होता है इसलिये इसे प्रभाजी आसवन द्वारा पृथक किया जा सकता है।

(b) पैराफिन के सीधे नाइट्रीकरण द्वारा (वाष्प प्रावस्था नाइट्रीकरण)

$$CH_3CH_3 + HONO_2(\text{सधूम}) \xrightarrow{400°C} CH_3CH_2NO_2 + H_2O$$

उच्च एल्केन के साथ, विभिन्न नाइट्रोएल्केन का मिश्रण बनता है जिन्हें प्रभाजी आसवन द्वारा पृथक किया जा सकता है। हैक्सेन के बाद के एल्केन को सांद्र $HNO_3$ द्वारा सीधे ही नाइट्रीकृत कर सकते हैं।

(c) $\alpha$-हैलोकार्बोक्सिलिक अम्ल पर सोडियम नाइट्राइट की क्रिया द्वारा

$$\underset{\alpha-\text{क्लोरो एसीटिक अम्ल}}{CH_2ClCOOH} \xrightarrow[-NaCl]{NaNO_2} \underset{\alpha-\text{नाइट्रो एसीटिक अम्ल}}{CH_2NO_2COOH}$$

$$\xrightarrow{\text{गर्म}} \underset{\text{नाइट्रो मेथेन}}{CH_3NO_2} + CO_2$$

(d) $\alpha$–नाइट्रो एल्कीन के जल अथवा अम्ल अथवा क्षार द्वारा जल अपघटन से (आधुनिक विधि)

$$\underset{\text{2-मेथिल, 1-नाइट्रो प्रोपीन}}{CH_3-C(CH_3)=CHNO_2} + HOH \xrightarrow{H^+ \text{ या } OH^-} \underset{\text{एसीटोन}}{CH_3-C(CH_3)=O} + \underset{\text{नाइट्रो मेथेन}}{CH_3NO_2}$$

(e) तृतीयक नाइट्रोएल्केन को, *t*-एल्किल एमीन के $KMnO_4$ के साथ ऑक्सीकरण द्वारा प्राप्त करते हैं।

$$R_3CNH_2 \xrightarrow{KMnO_4} R_3CNO_2 + H_2O$$

(iii) ***भौतिक गुण***

(a) नाइट्रोएल्केन रंगहीन, मधुर गंध वाले द्रव हैं ।

(b) जल में कठिनता से घुलते हैं किन्तु कार्बनिक विलायकों में शीघ्रता से घुलते हैं ।

(c) *इनके क्वथनांक ध्रुवीय प्रकृति के कारण समावयवी एल्किल नाइट्राइट से अत्यधिक उच्च होते हैं ।*

(d) ध्रुवीय प्रकृति के कारण, नाइट्रोएल्केन ध्रुवीय एवं आयनिक यौगिकों के लिये उपयुक्त विलायक हैं ।

❑ *1° और 2° नाइट्रोएल्केन ज्ञात हैं जो नाइट्रोरूप एवं एसीरूप के चलावयवी मिश्रण की तरह पाये जाते हैं ।*

$$\underset{\text{(नाइट्रो रूप)}}{CH_3-N(\rightarrow O)=O} \qquad \underset{\text{(एसी रूप)}}{CH_2=N(\rightarrow O)-OH}$$

(iv) ***रासायनिक गुण***

(a) *अपचयन*: नाइट्रोएल्केन $Sn$ एवं $HCl$ अथवा $Fe$ तथा $HCl$ के साथ संगत प्राथमिक एमीन में अपचयित हो जाते हैं । ये निकिल उत्प्रेरक की उपस्थिति में उत्प्रेरकीय हाइड्रोजनीकरण द्वारा भी एमीन बनाते हैं ।

$$RNO_2 + 6H \rightarrow RNH_2 + 2H_2O$$

किन्तु, जब इन्हें उदासीन अपचायक (***जिंक रज*** + $NH_4Cl$), के साथ अपचयित करते हैं तो नाइट्रोएल्केन **प्रतिस्थापी हाइड्रॉक्सिल एमीन** बनाते हैं।

$$R-NO_2 + 4H \xrightarrow{Zn+NH_4Cl} R-NHOH + H_2O$$

(b) *जलअपघटन* : प्राथमिक नाइट्रोएल्केन जल अपघटन पर हाइड्रॉक्सिल एमीन एवं कार्बोक्सिलिक अम्ल बनाते हैं ।

$$RCH_2NO_2 + H_2O \xrightarrow{HCl \text{ या } 80\% H_2SO_4} RCOOH + NH_2OH$$

द्वितीयक नाइट्रोएल्केन जल अपघटन पर कीटोन बनाते हैं ।

$$2R_2CHNO_2 \xrightarrow{HCl} \underset{\text{कीटोन}}{2R_2CO} + N_2O + H_2O$$

(c) *नाइट्रस अम्ल की क्रिया* : नाइट्रस अम्ल विभिन्न तरह से प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक नाइट्रोएल्केन से क्रिया करता है ।

$$\underset{\text{प्राथमिक}}{R-CH_2(NO_2)} + \underset{\text{नाइट्रस अम्ल}}{O=NOH} \xrightarrow{-H_2O} \underset{\text{नाइट्रोलिक अम्ल}}{R-C(NO_2)=NOH}$$

$$\xrightarrow{NaOH} \underset{\text{लाल रंग का सोडियम लवण}}{R-C(NO_2)=NONa}$$

$$\underset{\text{द्वितीयक}}{R_2CH(NO_2)} + HON=O \xrightarrow{-H_2O} \underset{\text{स्यूडो नाइट्रोल}}{R_2C(NO_2)-NO} \xrightarrow[NaOH]{\text{ईथर या}} \text{नीला रंग}$$

*तृतीयक नाइट्रोएल्केन, नाइट्रस अम्ल के साथ क्रिया नहीं करते।*

(d) *ऊष्मीय विघटन*: .

$$R.CH_2.CH_2NO_2 \xrightarrow[\text{मंद गति से}]{>300°C} R.CH = CH_2 + HNO_2$$

तीव्रता से गर्म करने पर नाइट्रोएल्केन विस्फोट के साथ विघटित होता है ।

$$CH_3NO_2 \xrightarrow{\text{तीव्र गर्म}} \frac{1}{2}N_2 + CO_2 + \frac{3}{2}H_2$$

(e) *हैलोजनीकरण*: प्राथमिक एवं द्वितीयक नाइट्रोएल्केन शीघ्रता से $\alpha$-स्थिति पर क्लोरीन अथवा ब्रोमीन की क्रिया द्वारा हैलोजनीकृत होते हैं,

$$CH_3-NO_2 \xrightarrow[NaOH]{Cl_2} \underset{\text{क्लोरोपिक्रिन या नाइट्रोक्लोरोफॉर्म (कीटनाशक)}}{CCl_3NO_2}$$

$$\underset{2-\text{नाइट्रोप्रोपेन}}{CH_3-CH(CH_3)-NO_2} \xrightarrow{Cl_2+NaOH} CH_3-C(CH_3)(Cl)-NO_2$$

(f) *एल्डिहाइड के साथ संघनन*:

$$CH_3CHO + CH_3NO_2 \rightarrow \underset{\beta\text{-हाइड्रॉक्सीनाइट्रोप्रोपेन (नाइट्रोएल्कोहल)}}{CH_3CH(OH)CH_2NO_2}$$

(g) *ग्रिगनार्ड अभिकर्मक के साथ* : नाइट्रोएल्केन का एसी रूप ग्रिगनार्ड अभिकर्मक के साथ क्रिया कर एल्केन बनाता है।

$$RCH=\overset{+}{N}(OH)(\rightarrow O) + CH_3MgI \rightarrow \underset{\text{मेथेन}}{CH_4} + RCH=\overset{+}{N}(OMgI)(\rightarrow O)$$

❑ *$NO_2$ के नाइट्रोजन पर धनावेश आता है जो प्रबल– I **प्रभाव** उत्पन्न करता है और इस तरह ये $\alpha$-कार्बन के हाइड्रोजन परमाणु को सक्रियित करता है। इस तरह नाइट्रोएल्केन की वे अभिक्रियायें महत्वपूर्ण हैं जिनमें प्राथमिक एवं द्वितीयक नाइट्रोएल्केन का $\alpha$-हाइड्रोजन परमाणु शामिल होता है **(तृतीयक नाइट्रोएल्केन में कोई $\alpha$-हाइड्रोजन परमाणु नहीं होता और इसलिये ये इस प्रकार की अभिक्रियायें नही देता )।***

❑ ***अम्लीय लक्षण*** : *प्राथमिक एवं द्वितीयक नाइट्रोएल्केन के α-हाइड्रोजन परमाणु दुर्बल अम्लीय प्रकृति के होते हैं और इस तरह ये जलीय NaOH जैसे प्रबल क्षारों द्वारा पृथक किये जा सकते हैं। इसलिये 1° एवं 2° नाइट्रोएल्केन जलीय NaOH में घुलकर लवण बनाते हैं। उदाहरण के लिये*

$$CH_3-\overset{+}{N}\begin{smallmatrix}\nearrow O\\ \searrow O_-\end{smallmatrix}\xrightarrow{NaOH}Na^+\underset{I}{\overset{-}{C}}H_2-\overset{+}{N}\begin{smallmatrix}\nearrow O\\ \searrow O\end{smallmatrix}\leftrightarrow H_2C=\overset{+}{N}\begin{smallmatrix}\nearrow O\overset{-}{N}a\\ \searrow O_-\end{smallmatrix}$$

इस तरह 1° एवं 2° नाइट्रोएल्केन मुख्यतः निम्न दो कारणों से अम्लीय होते हैं।

(a) $-NO_2$ समूह के प्रबल इलेक्ट्रॉन आकर्षी प्रभाव के कारण

(b) प्रोटोन निष्कासन के बाद बने कार्बेनियन (I) के अनुनाद स्थायित्व के कारण

*नाइट्रोएल्केन का एसी रूप अपेक्षाकृत अधिक अम्लीय होता है क्योंकि ये अपेक्षाकृत अधिक संयुग्मी क्षार उत्पन्न करता है*

(v) ***उपयोग*** : नाइट्रोएल्केन को प्रयुक्त किया जाता है

(a) सेल्युलोज एसीटेट, संश्लेषित रबर आदि पदार्थो के लिए विलायक के रुप में।

(b) विस्फोटक के रुप में।

(c) एमीन, हाइड्रॉक्सिलएमीन, क्लोरोपिक्रिन आदि के निर्माण में।

**सारणी : 29.1 एथिल नाइट्राइट एवं नाइट्रोएथेन के बीच विभेदन**

| परीक्षण | एथिल नाइट्राइट ($C_2H_5ONO$)<br>(एल्किल नाइट्राइट, *RONO*) | नाइट्रोएथेन ($C_2H_5NO_2$)<br>(नाइट्रो एल्केन, *RNO₂*) |
|---|---|---|
| क्वथनांक | कम, 17°*C* | अपेक्षाकृत अधिक, 115°*C* |
| धातु एवं अम्ल के साथ अपचयन (*Sn/HCl*) या $LiAlH_4$ के साथ | एल्कोहल + हाइड्रॉक्सिल एमीन अथवा अमोनिया देता है ।<br>$C_2H_5ONO+4H\rightarrow C_2H_5OH+NH_2OH$<br>$RONO+6H\rightarrow ROH+NH_3+H_2O$ | संगत प्राथमिक एमीन देता है ।<br>$C_2H_5NO_2+6H\rightarrow C_2H_5NH_2+2H_2O$<br>$RNO_2+6H\rightarrow RNH_2+2H_2O$ |
| *NaOH की क्रिया* (क्षार) | शीघ्रता से जल अपघटित होकर संगत एल्कोहल एवं सोडियम नाइट्राइट (विघटन) देता है।<br>$C_2H_5ONO+NaOH\rightarrow C_2H_5OH+NaNO_2$<br>$RONO+NaOH\rightarrow ROH+NaNO_2$ | विघटित नहीं होता, अर्थात् एल्कोहल नही बनता। किन्तु ये घुलनशील सोडियम लवण बना सकता है, क्योंकि क्षार की उपस्थिति में नाइट्रोरूप एसी रूप में बदल जाता है, जो क्षार में घुलकर सोडियम लवण बनाता है।<br>$CH_3-CH=N\begin{smallmatrix}\nearrow OH\\ \searrow O\end{smallmatrix}\xrightarrow{NaOH}CH_3-CH=N\begin{smallmatrix}\nearrow ONa\\ \searrow O\end{smallmatrix}$ |
| $HNO_2$ की क्रिया ($NaNO_2+HCl$) | नाइट्रस अम्ल के साथ कोई क्रिया नहीं होती । | प्राथमिक नाइट्रो एल्केन नाइट्रोलिक अम्ल बनाता है जो क्षार में घुलकर लाल रंग देता है<br>द्वितीयक नाइट्रोएल्केन स्यूडो नाइट्रोल बनाता है जो क्षार में घुलकर नीला रंग देता है। तृतीयक एमीन नाइट्रस अम्ल से क्रिया नहीं करता है। |

## एरोमैटिक नाइट्रोयौगिक (Aromatic nitro compounds)

एरोमैटिक नाइट्रोयौगिक, एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन के व्युत्पन्न होते हैं, जिसमें बेन्जीन नाभिक के एक या अधिक हाइड्रोजन परमाणु नाइट्रो ($-NO_2$) समूह द्वारा प्रतिस्थापित होते हैं।

(I) **बनाने की विधियाँ**

(i) ***नाइट्रीकरण (प्रत्यक्ष विधि)*** : बेन्जीन नाभिक में प्रवेश करने वाले $-NO_2$ समूह की संख्या, नाइट्रीकारक की प्रकृति एवं सान्द्रता, नाइट्रीकरण का ताप एवं नाइट्रीकृत होने वाले यौगिक की प्रकृति पर निर्भर करती है।

(a) *नाइट्रीकारक की प्रकृति* : उदाहरण के लिये,




सिन-ट्राईनाइट्रोबेन्जीन     *m*-डाईनाइट्रोबेन्जीन

(b) *नाइट्रीकरण का ताप* : उदाहरण के लिये,




*m*-डाईनाइट्रोबेन्जीन

(c) *नाइट्रीकृत होने वाले यौगिक की प्रकृति* : *नाभिक में इलेक्ट्रॉन विकर्षी समूह की उपस्थिति जैसे –OH, –NH₂, –CH₃, –OR, आदि नाइट्रीकरण को सरल करते हैं इस तरह एरोमैटिक यौगिक जिनमें ये समूह पाये जाते हैं* (अर्थात् फिनॉल, एनिलीन, टॉलुईन आदि) बेन्जीन की तुलना में शीघ्रता से नाइट्रीकृत होते हैं । इस तरह से बेन्जीन तनु $HNO_3$ द्वारा प्रभावित नही होती जबकि फिनॉल, एनिलीन एवं टॉलुईन संगत ऑर्थो एवं पैरा नाइट्रो यौगिक बनाते हैं।







2, 4, 6-ट्राईनाइट्रोफिनॉल     *p*-नाइट्रोफिनॉल

दूसरी ओर, वे एरोमैटिक यौगिक जिनमें इलेक्ट्रॉन आकर्षी समूह जैसे $-NO_2$, $-SO_3H$ आदि होते हैं उनके लिये प्रबल नाइट्रीकारक (जैसे सधूम $HNO_3$ + सान्द्र $H_2SO_4$) एवं उच्च ताप की आवश्यकता होती है।

(ii) ***अप्रत्यक्ष विधि*** : वे एरोमैटिक नाइट्रोयौगिक जिन्हें प्रत्यक्ष विधियों द्वारा नही बनाया जा सकता उन्हें संगत एमीनो यौगिकों द्वारा बनाया जा सकता है।




*p*-नाइट्रोएनिलीन *p*-डाईनाइट्रोएनिलीन

(2) **भौतिक गुण**

(i) एरोमैटिक नाइट्रोयौगिक जल में अविलेय हैं किन्तु कार्बनिक विलायकों में विलेय है।

(ii) ये हल्के पीले रंग के द्रव या ठोस होते हैं जिनमें विभेदित गन्ध होती है। उदाहरण के लिये, नाइट्रोबेन्जीन (*मीरबेन का तेल*) *हल्के पीले रंग का द्रव है जिसमें कड़वे बादाम की गन्ध होती है।*

(3) **रासायनिक गुण**

(i) नाइट्रोबेन्जीन में अनुनाद $-NO_2$ समूह के नाइट्रोजन एवं बेन्जीन नाभिक के कार्बन के बीच स्थित बन्ध को आंशिक द्विबन्ध लक्षण प्रदान करता है जिसके परिणामस्वरूप $-NO_2$ समूह वलय से दृढ़ता से बन्धित रहता है और इसलिये अन्य समूहों द्वारा प्रतिस्थापित नहीं हो सकता ,अर्थात ये अत्यधिक अक्रिय होता है।



नाइट्रोबेन्जीन की अनुनादी संरचनाएँ   नाइट्रोबेन्जीन का अनुनादी संकर

(ii) ***$-NO_2$ समूह का विस्थापन*** : यद्यपि नाइट्रोबेन्जीन के $-NO_2$ समूह को अन्य समूहों द्वारा विस्थापित नही किया जा सकता, किन्तु यदि नाइट्रोबेन्जीन के बेन्जीन वलय में दूसरा $-NO_2$ समूह *o*- या *p*- स्थान पर उपस्थित हो, तो इसे नाभिक स्नेही द्वारा विस्थापित कर सकते हैं उदाहरण के लिये




*p*-डाईनाइट्रोबेन्जीन   (जहाँ, $Nu = OH, NH_2$ या $OC_2H_5$)

(iii) ***अपचयन*** : एरोमैटिक नाइट्रोयौगिकों को कई प्रकार के उत्पादों में अपचयित किया जा सकता है जिसे नाइट्रोबेन्जीन के प्रकरण में निम्न तरह से दर्शाया गया है

$$\underset{\text{नाइट्रो बेन्जीन}}{C_6H_5NO_2} \rightarrow \underset{\text{नाइट्रोसो बेन्जीन}}{C_6H_5NO} \rightarrow \underset{\text{फेनिल हाइड्रॉक्सिल एमीन}}{C_6H_5NHOH} \rightarrow \underset{\text{एनिलीन}}{C_6H_5NH_2}$$

अन्तिम उत्पाद की प्रकृति मुख्यतः अपचयन माध्यम *(अम्लीय क्षारीय अथवा उदासीन) एवं अपचायक की प्रकृति पर निर्भर करती है।*

(a) *अम्लीय माध्यम में अपचयन*




नाइट्रोबेन्जीन   एनिलीन

डाईनाइट्रोबेंजीन के अमोनियम सल्फाइड के साथ अपचयन में केवल एक $-NO_2$ समूह अपचयित होता है (***चयनात्मक अपचयन***)




*m*-डाईनाइट्रोबेन्जीन   *m*-नाइट्रोएनिलीन

(b) *उदासीन माध्यम में अपचयन* :

$$\underset{\text{नाइट्रोबेन्जीन}}{C_6H_5NO_2} + 2H \xrightarrow[(-H_2O)]{Zn\text{ रज} + NH_4Cl} \underset{\substack{\text{नाइट्रोसोबेन्जीन}\\ \text{(माध्यमिक)}}}{C_6H_5NO} \rightarrow \underset{\substack{\text{फेनिल हाइड्रॉक्सिल}\\ \text{एमीन}}}{C_6H_5NHOH}$$

(c) क्षारीय माध्यम में अपचयन :

$$\underset{\text{नाइट्रोबेन्जीन}}{C_6H_5NO_2} \xrightarrow{2[H]} \left[\begin{matrix} C_6H_5NO \\ \text{नाइट्रोसोबेन्जीन} \\ C_6H_5NHOH \end{matrix}\right]_{\text{फेनिल हाइड्रॉक्सिल एमीन}} \xrightarrow{-H_2O} \underset{\text{एजॉक्सी बेन्जीन}}{\begin{matrix} C_6H_5-N\rightarrow O \\ \| \\ C_6H_5-N \end{matrix}}$$

एजॉक्सी बेन्जीन और अधिक अपचयन पर एजोबेन्जीन एवं हाइड्रेजोबेन्जीन बनाता है।

$$\underset{\text{एजॉक्सीबेन्जीन}}{\begin{matrix} C_6H_5-N\rightarrow O \\ \| \\ C_6H_5-N \end{matrix}} \xrightarrow{2[H]} \underset{\text{एजोबेन्जीन}}{\begin{matrix} C_6H_5-N \\ \| \\ C_6H_5-N \end{matrix}} \xrightarrow{2[H]} \underset{\text{हाइड्रेजोबेन्जीन}}{\begin{matrix} C_6H_5-NH \\ | \\ C_6H_5-NH \end{matrix}}$$

(d) *विद्युतीय अपचयन* :

• *दुर्बल अम्लीय माध्यम* में विद्युतीय अपचयन पर **एनिलीन** देता है।

• *प्रबल अम्लीय माध्यम में* फेनिल हाइड्रॉक्सिल एमीन देता है जो पुनर्विन्यास द्वारा ***p*-एमीनोफिनॉल देता है।**




नाइट्रोबेन्जीन   फेनिल हाइड्रॉक्सिल एमीन

• क्षारीय माध्यम में विद्युतीय अपचयन से सभी मोनोन्यूक्लियर एवं डाईन्यूक्लियर अपचयन उत्पाद प्राप्त होते हैं जिन्हें ऊपर (c) बिन्दु में वर्णित किया गया है।

(iv) ***इलेक्ट्रॉन स्नेही प्रतिस्थापन*** : चूँकि $-NO_2$ *समूह विसक्रिय एवं m- निर्देशक होता है, इसलिये साधारण एरोमैटिक नाइट्रोयौगिक* (उदाहरण नाइट्रोबेन्जीन) में इलेक्ट्रॉन स्नेही प्रतिस्थापन (हैलोजनीकरण, नाइट्रीकरण एवं सल्फोनीकरण) बेन्जीन की तुलना में अत्यन्त कठिन होता है। इसलिये इन अभिक्रियाओं के लिये प्रबल अभिक्रिया परिस्थितियाँ प्रयुक्त होती हैं एवं नया समूह *m*-स्थिति पर प्रवेश करता है,

(a)




नाइट्रोबेन्जीन   *m*-क्लोरोनाइट्रोबेन्जीन

(b)




नाइट्रोबेन्जीन    *m*-डाइनाइट्रोबेन्जीन

(c)




नाइट्रोबेन्जीन    *m*- नाइट्रोबेन्जीन सल्फोनिक अम्ल

*यद्यपि नाइट्रोबेंजीन, तीव्र परिस्थितियों में,* अपने स्वयं के द्वारा इलेक्ट्रॉन स्नेही प्रतिस्थापन देते हैं, नाइट्रोबेन्जीन जिनमें सक्रियत समूह जैसे एल्किल, $-OR$, $-NH_2$ आदि हो अपेक्षाकृत आसानी से ये अभिक्रिया देते हैं।




*o*- नाइट्रोटॉलुईन    2, 4-डाईनाइट्रोटॉलुईन    2, 4, 6-ट्राईनाइट्रोटॉलुईन (TNT)

***सममित ट्राईनाइट्रोबेन्जीन (TNB) को आसानी से TNT*** से प्राप्त किया जा सकता है बजाय बेन्जीन के सीधे नाइट्रीकरण से जो कि तीव्र परिस्थितियों में भी नाइट्रीकरण पर कम मात्रा देती है।




(TNT)    2, 4, 6-ट्राईनाइट्रोबेन्जोइक अम्ल    1, 3, 5-ट्राईनाइट्रोबेन्जीन (TNB)

(v) ***नाभिक स्नेही प्रतिस्थापन*** : बेंजीन नाभिकस्नेही के प्रति अक्रिय होती है, किन्तु बेन्जीन वलय में $-NO_2$ समूह की उपस्थिति उसे बाद में *o*- एवं *p*-स्थिति पर नाभिकस्नेही के प्रति सक्रिय कर देती है।




नाइट्रोबेन्जीन    *o*-नाइट्रोफिनॉल    *p*-नाइट्रोफिनॉल

(vi) ***अन्य नाभिकीय प्रतिस्थापियों पर*** $-NO_2$ ***समूह का प्रभाव***

(a) *नाभिकीय हैलोजन पर प्रभाव* : नाभिकीय हैलोजन सामान्यतः अक्रिय होती है, किन्तु यदि इसमें एक या अधिक इलेक्ट्रॉन आकर्षी समूह (जैसे $-NO_2$) *o*- या *p*-स्थिति पर लाये जायें, तो हैलोजन परमाणु नाभिकस्नेही प्रतिस्थापन के प्रति सक्रिय बन जाता है और इसलिये नाभिक स्नेही $(KOH, NH_3, NaOC_2H_5)$ द्वारा आसानी से प्रतिस्थापित किया जा सकता है।




2, 4-डाईनाइट्रोक्लोरोबेन्जीन    (जहाँ, $Nu = OH, NH_2, OC_2H_5$)

(b) *फिनॉलिक* $-OH$ *समूह पर प्रभाव* : *o*- एवं *p*-स्थिति पर $-NO_2$ समूह की उपस्थिति के द्वारा फिनॉलिक हाइड्रॉक्सिल समूह की अम्लीयता को बढ़ाया जा सकता है।

***नाइट्रोफिनॉल की अम्लीयता का घटता क्रम निम्न क्रम में अनुसरण करता है***




2, 4, 6-ट्राईनाइट्रोफिनॉल    2, 4-डाईनाइट्रोफिनॉल




*o*- तथा *p*-नाइट्रोफिनॉल    फिनॉल

*o*- **और** *p*-**नाइट्रोफिनॉल की बड़ी हुई अम्लीयता** *इस तथ्य के कारण होती है कि फिनॉलिक* $-OH$ *समूह के सापेक्ष o-एवं p-स्थिति पर इलेक्ट्रॉन आकर्षी* $-NO_2$ समूह *की उपस्थिति, फिनॉक्साइड आयन को* (फिनॉल की अम्लीय प्रकृति को फिनॉक्साइड आयन के अनुनाद स्थायित्व के द्वारा समझाया जाता है) अधिकतम सीमा तक स्थायित्व देती है।




फिनॉक्साइड आयन ($NO_2$ समूह नहीं)    $NO_2$ समूह के कारण *p*-नाइट्रोफिनेट आयन अतिरिक्ति स्थायित्व

*नाइट्रोफिनॉल की बढी हुई अम्लीयता के कारण, ये बाद में फॉस्फोरस पेण्टाक्लोराइड के साथ क्रिया कर संगत क्लोरो व्युत्पन्न की अच्छी मात्रा देता है, जबकि फिनॉल स्वयं भी* $PCl_5$ के साथ अभिकृत होकर क्लोरोबेंजीन की कम मात्रा देता है।




2, 4-डाईनाइट्रोफिनॉल    2, 4-डाईनाइट्रोक्लोरो बेन्जीन

(4) **उपयोग**

(i) अपनी उच्च ध्रुवीयता के कारण, एरोमैटिक नाइट्रोयौगिक विलायक की तरह प्रयुक्त होते हैं।

(ii) नाइट्रोयौगिक जैसे TNT, पिक्रिक अम्ल, TNB आदि विस्तृत रूप से **विस्फोटक** की तरह प्रयुक्त होते हैं।

(iii) इनका उपयोग एरोमैटिक एमीनो यौगिकों के संश्लेषण में होता है।

(iv) नाइट्रोबेन्जीन का उपयोग जूते की पॉलिश एवं सस्ते साबुन को सुगन्धित बनाने में होता है।

## सायनाइड एवं आइसोसायनाइड (Cyanides and isocyanides)

हाइड्रोजन सायनाइड दो चलावयवीय रूपों में पाया जाता है।

$$H-C\equiv N \rightleftharpoons H-N \overset{\rightarrow}{=} C$$

इसलिये, ये दो प्रकार के एल्किल व्युत्पन्न बनाता है जिन्हें एल्किल सायनाइड एवं एल्किल आइसोसायनाइड कहते हैं।

$$\underset{\text{एल्किल सायनाइड}}{R-C\equiv N} \qquad \underset{\text{एल्किल आइसोसायनाइड}}{R-N \overset{\rightarrow}{=} C}$$

(1) **एल्किल सायनाइड**

(i) ***बनाने की विधियाँ***

(a) *एल्किल हैलाइड से* : इस विधि में ये हानि है कि नाइट्राइल एवं आइसोनाइट्राइल दोनों का मिश्रण प्राप्त होता है।

$$\underset{\text{एल्किल हैलाइड}}{RX} + KCN(\text{या } NaCN) \to \underset{\text{नाइट्राइल (मुख्य उत्पाद)}}{RCN} + \underset{\text{आइसोनाइट्राइल (अल्प उत्पाद)}}{RNC}$$

(b) *अम्ल एमाइड से* : $RCONH_2 \xrightarrow[-H_2O]{P_2O_5} RCN$

$$\underset{\text{एसीटामाइड}}{CH_3CONH_2} \xrightarrow{P_2O_5} \underset{\text{मेथिल सायनाइड}}{CH_3CN} + H_2O$$

औद्योगिक रूप से, एल्किल सायनाइड को कार्बोक्सिलिक अम्ल एवं अमोनिया के मिश्रण को $500°C$ पर एल्युमिना पर प्रवाहित कर बनाते हैं।

$$\underset{\text{अम्ल}}{RCOOH} + NH_3 \to \underset{\text{अमोनियम लवण}}{RCOONH_4} \xrightarrow[-H_2O]{Al_2O_3}$$

$$\underset{\text{एमाइड}}{RCONH_2} \xrightarrow[-H_2O]{Al_2O_3} \underset{\text{एल्किल सायनाइड}}{RCN}$$

(c) *ग्रिगनार्ड अभिकर्मक से*

$$\underset{\text{ग्रिगनार्ड अभिकर्मक}}{RMgX} + ClCN \to \underset{\text{एल्किल सायनाइड}}{RCN} + Mg\begin{cases} X \\ Cl \end{cases}$$

$$\underset{\text{मेथिल मैग्नीशियम ब्रोमाइड}}{CH_3MgBr} + \underset{\text{सायनोजन क्लोराइड}}{ClCN} \to \underset{\text{मेथिल सायनाइड}}{CH_3CN} + Mg\begin{cases} Br \\ Cl \end{cases}$$

(d) *प्राथमिक एमीन से* : प्राथमिक एमीन उच्च ताप पर विहाइड्रोजनीकृत होकर एल्किल सायनाइड बनाती है ये निर्माण की **व्यापारिक विधि** भी है।

$$\underset{\text{प्राथमिक एमीन}}{RCH_2NH_2} \xrightarrow[500°C]{Cu \text{ या } Ni} RCN + 2H_2$$

$$\underset{\text{एथिल एमीन}}{CH_3CH_2NH_2} \xrightarrow[500°C]{Cu \text{ या } Ni} \underset{\text{मेथिल सायनाइड}}{CH_3CN} + 2H_2$$

(e) *ऑक्सीम से* :

$$\underset{\text{एल्डॉक्सिम}}{R-\overset{\overset{H}{|}}{C}=NOH} \xrightarrow[-H_2O]{P_2O_5} \underset{\text{एल्किल सायनाइड}}{R-CN} + H_2O$$

(ii) ***भौतिक गुण***

(a) एल्किल सायनाइड मधुर गन्ध वाले कड़वे बादाम के समान उदासीन पदार्थ हैं।

(b) 15 कार्बन परमाणु तक के निम्न सदस्य द्रव होते हैं, जबकि उच्च सदस्य ठोस होते हैं।

(c) ये जल में विलेय हैं। अणु में कार्बन परमाणु संख्या बढ़ने के साथ विलेयता कम होती है।

(d) ये कार्बनिक विलायकों में विलेय हैं।

(e) ये विषैले हैं किन्तु *HCN से कम विषैले हैं ।*

(iii) ***रासायनिक अपघटन***

(a) *जल अपघटन*

$$\underset{\text{एल्किल सायनाइड}}{RCN} \xrightarrow[H^+]{H_2O} \underset{\text{एमाइड}}{RCONH_2} \xrightarrow[H^+]{H_2O} \underset{\text{अम्ल}}{RCOOH} + NH_3$$

$$\underset{\text{मेथिल सायनाइड}}{CH_3CN} \xrightarrow[H^+]{H_2O} \underset{\text{एसीटामाइड}}{CH_3CONH_2}$$

$$\xrightarrow[H^+]{H_2O} \underset{\text{एसीटिक अम्ल}}{CH_3COOH} + NH_3$$

(b) *अपचयन* : जब *Pt* या *Ni*, या *LiAlH* (लीथियम एल्यूमीनियम हाइड्राइड) या सोडियम एवं एल्कोहल की उपस्थिति में इसे हाइड्रोजन के साथ अपचयित किया जाता है तो, एल्किल सायनाइड प्राथमिक एमीन बनाते हैं।

$$\underset{\text{एल्किल सायनाइड}}{RCN} \xrightarrow{4H} \underset{\text{प्राथमिक एमीन}}{RCH_2NH_2}$$

किन्तु, जब एल्किल सायनाइड के ईथर में बने विलयन को स्टेनस क्लोराइड एवं हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ अपचयित करते हैं और फिर इसे भाप आसवित करते हैं तो, एल्डिहाइड बनता है। **(स्टीफन अभिक्रिया)**

$$R-C\equiv N \xrightarrow[[2H]]{SnCl_2/HCl} \underset{\text{इमीन हाइड्रोक्लोराइड}}{RCH=NH.HCl} \xrightarrow{H_2O} \underset{\text{एल्डिहाइड}}{RCHO} + NH_4Cl$$

(c) *ग्रिगनार्ड अभिकर्मक के साथ क्रिया* : ग्रिगनार्ड अभिकर्मक के साथ, एल्किल सायनाइड कीटोन बनाता है, जो पुनः ग्रिगनार्ड अभिकर्मक से क्रिया कर तृतीयक एल्कोहल बनाता है

$$R-C\equiv N + R'MgX \to R-\overset{\overset{R'}{|}}{C}=NMgX$$

$$\xrightarrow{2H_2O} \underset{\text{कीटोन}}{R-\overset{\overset{R'}{|}}{C}=O} + NH_3 + Mg\begin{cases} OH \\ X \end{cases}$$

$$R-\overset{\overset{R'}{|}}{C}=O + R''MgX \to R-\overset{\overset{R'}{|}}{\underset{\underset{R''}{|}}{C}}-OMgX$$

$$\xrightarrow{H_2O} \underset{\text{तृतीयक एल्कोहल}}{R-\overset{\overset{R'}{|}}{\underset{\underset{R''}{|}}{C}}-OH} + Mg\begin{cases} OH \\ X \end{cases}$$

(d) *एल्कोहलिक अपघटन* :

$$\underset{\text{एल्किल सायनाइड}}{RCN} + \underset{\text{एल्कोहल}}{R'OH} + HCl \to \underset{\text{इमीडो एस्टर}}{\left[ R-\overset{\overset{\overset{+}{N}H_2}{||}}{C}-OR' \right]} Cl^-$$

$$\xrightarrow{H_2O} \underset{\text{एस्टर}}{RCOOR'} + NH_4Cl$$

(iv) ***उपयोग*** : कार्बनिक संश्लेषण में एल्किल सायनाइड महत्वपूर्ण मध्यवर्ती है क्योंकि इनको आसानी से एमीन, एल्डिहाइड, कीटोन, एमाइड, कार्बोक्सिलिक अम्ल आदि में बदला जा सकता है।

### (2) एल्किल आइसोसायनाइड

(i) ***बनाने की विधियाँ***

(a) *एल्किल हैलाइड से*:

$$\underset{\text{एल्किल हैलाइड}}{R-X} + AgCN \rightarrow \underset{\substack{\text{आइसोसायनाइड} \\ \text{(आइसोनाइट्राइल)} \\ \text{मुख्य उत्पाद}}}{RNC} + \underset{\substack{\text{सायनाइड} \\ \text{(नाइट्राइल)} \\ \text{अल्प उत्पाद}}}{RCN}$$

$$\underset{\text{मेथिल क्लोराइड}}{CH_3Cl} + AgCN \rightarrow \underset{\substack{\text{मेथिल आइसोसायनाइड} \\ \text{(मुख्य उत्पाद)}}}{CH_3NC} + CH_3CN$$

(b) *प्राथमिक एमीन से (कार्बिलएमीन अभिक्रिया)* :

$$\underset{\text{प्राथमिक एमीन}}{RNH_2} + \underset{\text{क्लोरोफॉर्म}}{CHCl_3} + 3KOH \rightarrow \underset{\text{आइसोसायनाइड}}{RNC} + 3KCl + 3H_2O$$

(c) *N-एल्किल फॉर्मामाइड से* :

$$\underset{N-\text{एल्किल फॉर्मामाइड}}{R-NH-\overset{\overset{O}{||}}{C}-H} \xrightarrow[\text{पिरिडीन}]{POCl_3} \underset{\text{आइसोसायनाइड}}{R-N \overrightarrow{=} C} + H_2O$$

(ii) ***भौतिक गुण***

(a) एल्किल आइसोसायनाइड रंगहीन, अरूचिकर गंध वाला द्रव है।

(b) ये जल में अविलेय किन्तु कार्बनिक विलायकों में विलेय है।

(c) आइसोनाइट्राइल समावयवी सायनाइड की तुलना में अत्यधिक विषैला होता है।

(iii) ***रासायनिक गुण***

(a) *जल अपघटन* :

$$\underset{\text{एल्किल आइसोसायनाइड}}{RN \overrightarrow{=} C} + 2H_2O \xrightarrow{H^+} \underset{\text{प्राथमिक एमीन}}{RNH_2} + \underset{\text{फॉर्मिक अम्ल}}{HCOOH}$$

(b) *अपचयन* : $\underset{\text{एल्किल आइसोसायनाइड}}{R-N \overrightarrow{=} C} + 4H \xrightarrow[300^oC]{Ni} \underset{\text{द्वितीयक एमीन}}{RNHCH_3}$

(c) *ऊष्मा का प्रभाव*: जब कुछ समय के लिये $250°C$, पर गर्म किया जाता है, तब आइसोनाइट्राइल की कुछ मात्रा समावयवी नाइट्राइल में बदल जाती है, $RNC \xrightarrow{\text{गर्म}} RCN$

(d) *योगात्मक अभिक्रिया* : कार्बन परमाणु पर उपस्थित अयुग्मित इलेक्ट्रॉन युग्म के कारण एल्किल आइसोसायनाइड योगात्मक अभिक्रियायें देते हैं।

$$R:N:::C: \text{ या } R-\overset{+}{N} \equiv \overset{-}{C}$$

नीचे दी गई कुछ योगात्मक अभिक्रियायें एल्किल आइसोसायनाइड द्वारा दी जाती है।

$$RNC + \underset{\text{(हैलोजन)}}{X_2} \rightarrow \underset{\substack{\text{एल्किल इमीनो} \\ \text{कार्बोनिल हैलाइड}}}{RNCX_2}$$

$$RNC + S \rightarrow \underset{\substack{\text{एल्किल} \\ \text{आइसोथायोसायनेट}}}{RNCS} \quad ; \quad RNC + HgO \rightarrow \underset{\substack{\text{एल्किल} \\ \text{आइसोसायनेट}}}{RNCO} + Hg$$

(iv) ***उपयोग*** : एल्किल आइसोसायनाइड की अरुचिकर गन्ध के कारण इसका उपयोग सूक्ष्म लीकेज ज्ञात करने में होता है। कार्बिल एमीन का उपयोग प्राथमिक एमीन की पहचान करने में किया जाता है।

❑ ***मेथिल आइसोसायनाइड (MIC) गैस*** $(CH_3-N=C=O)$ *भोपाल गैस त्रासदी के लिये दिसम्बर 1984 में जिम्मेदार थी।*

❑ *सायनाइड में आइसोसायनाइड की अपेक्षा अधिक ध्रुवीय लक्षण होता है इसलिये सायनाइड का उच्च क्वथनांक होता हैं और ये जल में अधिक विलेय है, किन्तु दोनों समावयवी एल्किल हैलाइड से अधिक ध्रुवीय हैं इसलिये इनके क्वथनांक संगत एल्किल हैलाइड की अपेक्षा अधिक होते हैं।*

❑ *कम ध्रुवीय होने के कारण, आइसोसायनाइड OH आयन द्वारा आकर्षित नहीं होते हैं।*

**सारणी : 29.2 एल्किल सायनाइड एवं एल्किल आइसोसायनाइड की तुलना**

| परीक्षण | एथिल सायनाइड | एथिल आइसोसायनाइड |
|---|---|---|
| गन्ध | तीक्ष्ण किन्तु मधुर | अत्यन्त अप्रिय |
| द्विध्रुव आघूर्ण | अधिक (≈ 4D) | कम (≈ 3D) |
| क्वथनांक | $98°C$ (अर्थात उच्च) | $78°C$ (अर्थात निम्न) |
| जल में विलेयता | विलेय | अविलेय |
| अम्ल के साथ जल अपघटन | प्रोपियोनिक अम्ल देता है (अम्ल सामान्यतः) | एथिल एमीन देता है (सामान्यतः 1° एमीन) |
| क्षार के साथ जल अपघटन | प्रोपियोनिक अम्ल देता है | कोई क्रिया नही |
| अपचयन | प्रोपिल एमीन देता है (सामान्यतः 1° एमीन) | एथिल मेथिल एमीन देते हैं (सामान्यतः 2° एमीन) |
| स्टीफन अभिक्रिया | प्रोपियोनल्डिहाइड देता है। (सामान्यतः एल्डिहाइड) | नहीं पाई जाती |
| गर्म करना ($250°C$) | कोई प्रभाव नही | एथिल सायनाइड बनता है |

## एमीन (Amines)

एमीन को अमोनिया के व्युत्पन्न की तरह सम्बोधित करते हैं जिसमें अमोनिया के एक, दो या तीनों हाइड्रोजन परमाणु एल्किल या एरिल समूह द्वारा प्रतिस्थापित हो जाते हैं।




एमीन को प्राथमिक, द्वितीयक या तृतीयक एमीन की तरह वर्गीकृत करते हैं जो नाइट्रोजन परमाणु से जुड़ने वाले एल्किल समूह की संख्या पर निर्भर करता है।

प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक एमीन के अभिलाक्षणिक समूह

: $\underset{\text{(एमीनो)}}{-NH_2}$ ; $\underset{\text{(इमीनो)}}{-NH}$ ; $\underset{\text{(तृतीयक नाइट्रोजन)}}{-N<}$

उपरोक्त एमीन के अतिरिक्त, अमोनियम लवण के समान टेट्राएल्किल व्युत्पुन्न भी उत्पन्न होता है जिसे *चतुष्क अमोनियम यौगिक* कहते हैं

$$NH_4I \; ; \quad \underset{\substack{\text{चतुष्क} \\ \text{अमोनियम आयोडाइड}}}{R_4NI} \; ; \quad \underset{\substack{\text{टेट्रामेथिल} \\ \text{अमोनियम आयोडाइड}}}{(CH_3)_4NI} \text{ या } \underset{\substack{\text{टेट्रा एल्किल} \\ \text{अमोनियम लवण}}}{\left[ R-\underset{\underset{R}{|}}{\overset{\overset{R}{|}}{N}}-R \right]^+ X^-}$$

(1) **साधारण एवं मिश्रित एमीन :** द्वितीयक एवं तृतीयक एमीन को साधारण एवं मिश्रित एमीन में वर्गीकृत कर सकते हैं जो नाइट्रोजन परमाणु

से जुडे समान अथवा भिन्न एल्किल अथवा एरिल समूह के अनुसार होता है। उदाहरण के लिए,

*साधारण एमीन* : $(CH_3)_2\ NH$ ; $(CH_3CH_2)_3\ N$
डाईमेथिल एमीन ; ट्राईएथिल एमीन

*मिश्रित एमीन* : $C_2H_5 - \underset{|}{N}H$ ; $C_6H_5 - \underset{|}{N}H$ (दोनों में N पर $CH_3$)
एथिल मेथिल एमीन ; मेथिल एनिलीन

एलिफैटिक एमीन की एक इलेक्ट्रॉन युग्म के साथ ***पिरामिडल आकृति*** होती है। एमीन में *N, **sp** **संकरण** प्रदर्शित करता है।*

(2) **बनाने की सामान्य विधियाँ**

(i) ***वे विधियाँ जिनसे एमीन का मिश्रण प्राप्त होता है (प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक)***

(a) *हॉफमैन विधि* : अमोनिया के एल्किल हैलाइड के साथ एल्किलीकरण से एमीन का मिश्रण (1°, 2° एवं 3°) प्राप्त होता है।

$$\underset{\text{मेथिल आयोडाइड}}{CH_3\ I} + NH_3 \rightarrow \underset{\text{मेथिल एमीन (1°)}}{CH_3\ NH_2} \xrightarrow{CH_3I} \underset{\text{डाईमेथिल एमीन (2°)}}{(CH_3)_2\ NH}$$

$$\xrightarrow{CH_3I} \underset{\text{ट्राईमेथिल एमीन (3°)}}{(CH_3)_3\ N} \xrightarrow{CH_3I} \underset{\text{टेट्रामेथिल अमोनियम आयोडाइड}}{(CH_3)_4\ NI}$$

अमोनिया की अधिक मात्रा प्रयुक्त करके प्राथमिक एमीन की उच्च मात्रा प्राप्त की जा सकती है। इस विधि को *एल्किल हैलाइड का अमोनियामय अपघटन* कहते हैं। ये एक नाभिकस्नेही प्रतिस्थापन अभिक्रिया होती है।

(b) *एल्कोहल का अमोनियामय अपघटन*:

$$CH_3OH + NH_3 \xrightarrow[350°C]{Al_2O_3} CH_3NH_2$$

$$\xrightarrow{CH_3OH} (CH_3)_2NH \xrightarrow{CH_3OH} (CH_3)_3N$$

अमोनिया की अधिक मात्रा प्रयुक्त कर प्राथमिक एमीन की उच्च मात्रा प्राप्त की जा सकती है।

(ii) ***वे विधियाँ जिनसे प्राथमिक एमीन प्राप्त की जाती है***

(a) *नाइट्रोयौगिकों का अपचयन*

$$R - NO_2 + 6[H] \xrightarrow[Zn/HCl \text{ या } Ni \text{ या } LiAlH_4]{Sn/HCl \text{ या}} RNH_2 + 2H_2O$$

$$C_2H_5 - NO_2 + 6[H] \rightarrow C_2H_5NH_2 + 2H_2O$$

(b) *नाइट्राइल का अपचयन (मेण्डियस अभिक्रिया)*

$$R - C \equiv N + 4[H] \rightarrow R - CH_2NH_2$$

$$\underset{\text{मेथिल सायनाइड}}{CH_3C \equiv N} + 4[H] \rightarrow \underset{\text{एथिल एमीन}}{CH_3 - CH_2NH_2}$$

इस अभिक्रिया को एल्कोहल अथवा एल्किल हैलाइड से शुरू कर सकते हैं।

$$\underset{\text{एल्कोहल}}{R - OH} \xrightarrow{SOCl_2} \underset{\text{एल्किल क्लोराइड}}{R - Cl} \xrightarrow{KCN}$$

$$\underset{\text{एल्किल नाइट्राइल}}{R - CN} \xrightarrow[Na + C_2H_5OH]{LiAlH_4 \text{ या}} \underset{\text{प्राथमिक एमीन}}{RCH_2NH_2}$$

यह क्रम ऐसा एमीन देता है जिसमें एल्कोहल से एक कार्बन परमाणु अधिक होता है।

(c) *एमाइड के $LiAlH_4$ के साथ अपचयन से*

$$RCONH_2 \xrightarrow{LiAlH_4} RCH_2NH_2$$

$$\underset{\text{एसीटामाइड}}{CH_3CONH_2} \xrightarrow{LiAlH_4} \underset{\text{एथिल एमीन}}{CH_3CH_2NH_2}$$

(d) *ऑक्सीम के अपचयन द्वारा* : इस अभिक्रिया को एल्डिहाइड अथवा कीटोन से शुरू कर सकते हैं।

$$\underset{\text{एल्डिहाइड}}{RCHO} \xrightarrow{H_2NOH} \underset{\text{ऑक्सीम}}{RCH = NOH} \xrightarrow[\text{या } H_2/Ni]{LiAlH_4} \underset{\text{प्राथमिक एमीन}}{RCH_2NH_2}$$

$$\underset{\text{कीटोन}}{R_2C = O} + H_2NOH \rightarrow \underset{\text{ऑक्सीम}}{R_2C = NOH}$$

$$\xrightarrow{LiAlH_4} \underset{\text{प्राथमिक एमीन}}{R_2CH - NH_2}$$

(e) *हॉफमेन ब्रोमाइड अभिक्रिया या अपघटन (प्रयोगशाला विधि)*: इस विधि द्वारा एमाइड *(–CONH) समूह प्राथमिक एमीनो (– NH) समूह में बदल जाते हैं।*

$$\underset{\text{एमाइड}}{R - CO - NH_2} + Br_2 + 4KOH \rightarrow \underset{\text{प्राथमिक एमीन}}{R - NH_2} + 2KBr + K_2CO_3 + 2H_2O$$

*यह प्राथमिक एमीन बनाने की सर्वोत्तम विधि है।*

*यह विधि एमाइड से एक कार्बन परमाणु कम वाला एमीन देती है।*

(f) *गेब्रियल थैलिमाइड अभिक्रिया* : इस विधि में निम्न तीन पद शामिल है ।

• थैलिमाइड *KOH* के साथ अभिकृत होकर पोटेशियम थैलिमाइड बनाता है ।

• पोटेशियम लवण को एल्किल हैलाइड के साथ अभिकृत करते हैं।

• उत्पाद *N*-एल्किल थैलिमाइड को हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ जल अपघटित करते हैं तब प्राथमिक एमीन बनता है।




जब जल अपघटन जटिल होता है, तब *N*-एल्किल थैलिमाइड को हाइड्राजीन के साथ अभिकृत कर सकते हैं जो आवश्यक एमीन देता है।




हाइड्राजीन

(g) *$\alpha$-एमीनो अम्ल के विकार्बोक्सिलिकरण द्वारा*

$$\underset{\underset{NH_2}{|}}{RCHCOOH} \xrightarrow[\text{गर्म}]{Ba(OH)_2} RCH_2NH_2$$

$$\underset{\substack{\underset{NH_2}{|} \\ \alpha\text{-एमीनो एसीटिक अम्ल} \\ \text{(ग्लायसीन)}}}{CH_2 - COOH} \xrightarrow[\text{गर्म}]{Ba(OH)_2} \underset{\text{मेथिल एमीन}}{CH_3NH_2}$$

(h) *क्लोरामीन एवं ग्रिगनार्ड अभिकर्मक की क्रिया द्वारा*:

$$RMgX + ClNH_2 \rightarrow RNH_2 + MgXCl$$

(i) *आइसोसायनाइड अथवा आइसोसायनेट के जल अपघटन द्वारा*

$$\underset{\text{एल्किल आइसोसायनाइड}}{R - \overset{H}{\underset{H}{N}} \equiv \overset{OH}{\underset{OH}{C}}} + 2H_2O \xrightarrow{(HCl)} \underset{\text{एल्किल एमीन}}{R - NH_2} + HCOOH$$

$$\underset{\text{मेथिल आइसोनाइट्राइल}}{CH_3 - NC} + 2HOH \xrightarrow{H^+} CH_3 - NH_2 + HCOOH$$

$$\underset{\text{मेथिल आइसोसायनेट}}{CH_3 - \overset{H}{\underset{H}{N}} = \overset{OH}{\underset{OH}{C}}} = O + 2KOH \rightarrow CH_3 - NH_2 + K_2CO_3$$

$$\underset{\text{एल्किल आइसोसायनेट}}{R - NCO} + 2KOH \rightarrow R - NH_2 + K_2CO_3$$

(j) *श्मिट अभिक्रिया*:

$$\underset{\text{अम्ल}}{R - COOH} + \underset{\substack{\text{हाइड्रेजोइक} \\ \text{अम्ल}}}{N_3H} \xrightarrow{\text{सान्द्र } H_2SO_4} \underset{\substack{\text{एल्किल} \\ \text{एमीन}}}{R - NH_2} + N_2 + CO_2$$

इस अभिक्रिया में एसिल एजाइड ($R - CON_3$) एवं एल्किल आइसोसायनेट ($R - NCO$) मध्यवर्ती की तरह बनते हैं।

$$R - COOH + N_3H \rightarrow \underset{\text{एसिल एजाइड}}{RCON_3} + H_2O$$

$$\underset{\text{एसिल एजाइड}}{RCON_3} \rightarrow \underset{\text{एल्किल आइसोसायनेट}}{R - N = C = O} + N_2$$

$$R - N = C = O + H_2O \rightarrow \underset{\text{एल्किल एमीन}}{R - NH_2} + CO_2$$

सम्पूर्ण अभिक्रिया जो एसिल एजाइड से नाइट्रोजन के विलोपन द्वारा चलती है तत्पश्चात् अम्लीय अथवा क्षारीय जलअपघटन द्वारा ऐसा प्राथमिक एमीन देते हैं जिसमें एक कार्बन कम होता है, कर्टियस विघटन कहलाती है। इस विधि में अम्ल क्लोराइड प्रयुक्त करते हैं जिससे एसिल एजाइड बनाते हुए प्राथमिक एमीन बनाते हैं।

$$R - \overset{\overset{O}{||}}{C} - OH \xrightarrow{SOCl_2} \underset{\text{एसिल क्लोराइड}}{R - \overset{\overset{O}{||}}{C} - Cl} \xrightarrow{NaN_3} \underset{\text{एसिल एजाइड}}{R - \overset{\overset{O}{||}}{C} - N_3}$$

$$R - \overset{\overset{O}{||}}{C} - N_3 \xrightarrow{-N_2} R - N = C = O \xrightarrow[\text{गर्म}]{2NaOH} R - NH_2 + Na_2CO_3$$

**कर्टियस पुनर्विन्यास** की क्रियाविधि हॉफमैन विघटन के लगभग समान है।




**श्मिट अभिक्रिया** $R - COOH$ को $R–NH_2$ में बदलती है जो कि कर्टियस विघटन का संशोधन है। इस अभिक्रिया में कार्बोक्सिलिक अम्ल को सोडियम एजाइड ($NaN_3$) एवं सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ गर्म करते हैं कार्बोक्सिलिक अम्ल विलगित एल्किल एजाइड की आवश्यकता के बिना सीधे ही प्राथमिक एमीन में बदल जाता है।

$$R - \overset{\overset{O}{||}}{C} - OH \xrightarrow[\text{गर्म}]{NaN_3 + H_2SO_4(\text{सान्द्र})} RNH_2 + N_2 + CO_2$$

$$(NaN_3 + H_2SO_4 \rightarrow N_3H + NaHSO_4)$$

(k) *रिटर अभिक्रिया द्वारा* : ये प्राथमिक एमीन बनाने की एक अच्छी विधि है जिसमें $\alpha$-तृतीयक एल्किल समूह होता है।

$$\underset{\text{तृतीयक-ब्यूटिल एल्कोहल}}{(CH_3)_3C - OH} + H_2SO_4 + HCN \rightarrow \underset{\substack{\text{तृतीयक–ब्यूटिल एमीन} \\ (1°\text{एमीन})}}{(CH_3)_3C - NH_2}$$

$$\left[ R_3C - OH \xrightarrow{H^+} H_2O + \underset{\text{तृतीयक कार्बोनियम आयन}}{R_3C^+} \xrightarrow{HCN} R_3C\overset{+}{N} \equiv CH \right.$$

$$\left. \xrightarrow{H_2O} CHO - R_3CNH \xrightarrow{OH^-} \underset{\text{प्राथमिक एमीन}}{R_3C - NH_2} + HCOO^- \right]$$

(l) *एल्डिहाइड एवं कीटोन के एमीनीकरण अपचयन द्वारा* :

$$\underset{\text{एल्डिहाइड}}{R - \overset{\overset{O}{||}}{C} - H} + NH_3 + H_2 \xrightarrow[300\,atm]{Ni, 150°C} \underset{\text{प्राथमिक एमीन}}{R - CH_2 - NH_2} + H_2O$$

$$\left[ R - \overset{\overset{H}{|}}{C} = O + H_2HN \xrightarrow{(-H_2O)} [\underset{\text{इमीन}}{R - \overset{\overset{H}{|}}{C} = NH}] \right.$$

$$\left. \xrightarrow[Ni]{H_2} RCH_2 - NH_2 \right]$$

$$\underset{\text{कीटोन}}{R - \overset{\overset{O}{||}}{C} - CH_3} + NH_3 + H_2 \xrightarrow[300\,atm]{Ni, 150°C} R - \overset{\overset{CH_3}{|}}{CH} - NH_2$$

यह अभिक्रिया इमीन (शिफ क्षार) के बनने के द्वारा संभावित होती है प्राथमिक एमीन को द्वितीयक अथवा तृतीयक एमीन में निम्न पदों द्वारा भी बदला जा सकता है।

$$R - CHO + R'NH_2 \xrightarrow{H_2/Ni} \underset{\text{द्वितीयक एमीन}}{RCH_2NHR'}$$

$$RNH_2 + 2H_2C = O + 2HCOOH$$

$$\rightarrow \underset{\text{तृतीयक एमीन}}{RN(CH_3)_2} + 2H_2O + 2CO_2$$

(m) *एजाइड का $NaBH_4$ के साथ अपचयन द्वारा*

$$\underset{\substack{\text{एल्किल हैलाइड} \\ (1°\text{ या } 2°)}}{R - X} + \underset{\substack{\text{सोडियम} \\ \text{एजाइड}}}{NaN_3} \rightarrow \underset{\substack{\text{एल्किल} \\ \text{एजाइड}}}{RN_3} \xrightarrow[H_2O]{NaBH_4} \underset{1°\text{एमीन}}{RNH_2}$$

(n) *ल्यूकार्ट अभिक्रिया द्वारा* : एल्डिहाइड एवं कीटोन अमोनियम फॉर्मेट अथवा फॉर्मामाइड के साथ अभिक्रिया कर प्राथमिक एमीन का फॉर्मिल व्युत्पन्न देते हैं।

$$> C = O + \underset{\text{अमोनियम फॉर्मेट}}{2HCOONH_4} \rightarrow\ > CHNH - \overset{\overset{O}{||}}{C} - H$$

$$+ 2H_2O + CO_2 + NH_3$$

$$> C = O + \underset{\text{फॉर्मामाइड}}{2HCONH_2} \rightarrow\ > CHNH - \overset{\overset{O}{||}}{C} - H + CO_2 + NH_3$$

ये फॉर्मिल व्युत्पन्न अम्ल द्वारा शीघ्रता से जलअपघटित होकर प्राथमिक एमीन देते हैं।

$$\begin{matrix}R\\R\end{matrix}\!\!>CHNH-\overset{\overset{O}{||}}{C}-H+HOH\xrightarrow{H^+}$$

$$\begin{matrix}R\\R\end{matrix}\!\!>CHNH_2+H_2O+CO_2$$

इसे ल्यूकार्ट अभिक्रिया कहते हैं, अर्थात्

$$\underset{\text{कीटोन}}{\begin{matrix}R\\R'\end{matrix}\!\!>C=O}+\underset{\text{अमोनियम फॉर्मेट}}{HCOONH_4}\xrightarrow[\Delta]{180-200°C}$$

$$\underset{\text{प्राथमिक एमीन}}{\begin{matrix}R\\R'\end{matrix}\!\!>CHNH_2}+H_2O+CO_2$$

❑ *औद्योगिक स्तर पर एथिल एमीन को, एथिलीन एवं अमोनिया के मिश्रण को 450°C एवं 20 वायुमण्डल दाब पर कोबाल्ट उत्प्रेरक की उपस्थिति में गर्म करके प्राप्त किया जाता है।*

$$\underset{\text{एथिलीन}}{CH_2=CH_2}+NH_3\xrightarrow[450°C,20\,atm]{\text{कोबाल्ट उत्प्रेरक}}CH_3CH_2NH_2$$

(iii) ***विधियाँ जिनसे द्वितीयक एमीन प्राप्त की जाती है***

(a) *प्राथमिक एमीन की एल्किल हैलाइड के साथ अभिक्रिया द्वारा*

$$R-NH_2+R-X\xrightarrow{\Delta}R_2NH+HX\rightarrow\underset{\text{डाईएल्किल अमोनियम लवण}}{R_2\overset{+}{N}H_2\overset{-}{X}}$$

$$R_2\overset{+}{N}H_2\overset{-}{X}+NaOH\rightarrow\underset{\text{द्वितीयक एमीन}}{R_2NH}+H_2O+NaX$$

(b) *आइसोनाइट्राइल के अपचयन द्वारा* :

$$\underset{\text{एल्किल आइसोनाइट्राइल}}{R-NC}+4[H]\xrightarrow{Pt}\underset{\text{द्वितीयक एमीन}}{RNHCH_3}$$

इस विधि द्वारा बनी द्वितीयक एमीन में हमेशा एक $-CH_3$ समूह होता है जो सीधे ही नाइट्रोजन से जुड़ा होता है।

(c) *p-नाइट्रोसो डाईएल्किल एनिलीन की प्रबल क्षारीय विलयन के साथ क्रिया*:




ये शुद्ध द्वितीयक एमीन बनाने की एक सर्वोत्तम विधि है।

(d) *डाईएल्किल सायनामाइड के जलअपघटन द्वारा*

$$\left[\underset{\text{कैल्शियम सायनामाइड}}{CaN-CN}\xrightarrow{2NaOH}\underset{\text{सोडियम सायनामाइड}}{Na_2N-CN}\xrightarrow{2RX}\underset{\text{डाईएल्किल सायनामाइड}}{R_2N-CN}\right]$$

$$R_2N-CN+2HOH\xrightarrow[OH^-]{H^+\text{या}}\underset{\text{डाईएल्किल एमीन}}{R_2NH}+CO_2+NH_3$$

(e) *N-प्रतिस्थापित एमाइड के अपचयन द्वारा* : N-प्रतिस्थापित एमाइड के $LiAlH_4$ के साथ अपचयन द्वारा द्वितीयक एमीन प्राप्त होता है

एल्किल $\beta$-एमीनो कीटोन को, कीटोन की फॉर्मेल्डिहाइड एवं अमोनिया के साथ क्रिया द्वारा बनाया जाता है (अथवा प्राथमिक या द्वितीयक एमीन)

उत्पाद मैनिक क्षार कहलाता हैं एवं अभिक्रिया को मैनिक अभिक्रिया कहते हैं।

$$CH_3COCH_3+HCHO+RNH_2\xrightarrow{\text{गर्म}}CH_3COCH_2CH_2NHR$$

जिसे एल्किल एमीन में अपचयित किया जा सकता है।

$$\underset{N\text{-एल्किल अम्ल एमाइड}}{R-CONHR'}+4[H]\xrightarrow{LiAlH_4}\underset{\text{द्वितीयक एमीन}}{RCH_2NHR'}+H_2O$$

(iv) ***विधियाँ जिनसे तृतीयक एमीन प्राप्त की जाती है***

(a) *एल्किल हैलाइड की अमोनिया के साथ क्रिया*

$$3RX+NH_3\rightarrow R_3N+3HX\rightarrow\underset{\text{ट्राईएल्किल अमोनियम लवण}}{R_3\overset{+}{N}H\overset{-}{X}}$$

$$R_3\overset{+}{N}H\overset{-}{X}+NaOH\rightarrow R_3N+NaX+H_2O$$

(b) *N, N- द्विप्रतिस्थापित एमाइड के अपचयन द्वारा*: कार्बोनिल समूह $-CH_2$ समूह में बदल जाता है।

$$\underset{N,N\text{-द्विप्रतिस्थापी एमाइड}}{RCONR_2'}\xrightarrow[4[H]]{LiAlH_4}\underset{\text{तृतीयक एमीन}}{RCH_2NR_2'}+H_2O$$

(c) *चतुष्क अमोनियम हाइड्रॉक्साइड के विघटन द्वारा* : चतुष्क एल्किल अमोनियम हाइड्रॉक्साइड तब बनता है जब संगत हैलाइड को नम सिल्वर ऑक्साइड के साथ अभिकृत किया जाये,

$$R_4\overset{+}{N}\overset{-}{I}+AgOH\rightarrow R_4\overset{+}{N}O\overset{-}{H}+AgI$$

इस तरह बना हाइड्रॉक्साइड गर्म करने पर तृतीयक एमीन में विघटित हो जाता है। टेट्रामेथिल अमोनियम हाइड्रॉक्साइड एक उत्पाद की तरह मेथिल एल्कोहल देता है। जबकि अन्य सभी टेट्राएल्किल अमोनियम हाइड्रॉक्साइड, तृतीयक एमीन के अलावा ऑलिफिन एवं जल अणु देते हैं।

$$(CH_3)_4NOH\rightarrow(CH_3)_3N+CH_3OH$$

$$(R)_4NOH\rightarrow(R)_3N+\text{ऑलिफिन}+H_2O$$

(3) **एमीन के मिश्रण का पृथक्करण :** जब मिश्रण में चतुष्क लवण के साथ प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक एमीन के लवण उपस्थित हैं तो **इसे सर्वप्रथम *KOH* विलयन के साथ आसवित करते हैं।** तीनों एमीनों का मिश्रण आसवित होकर ऊपर आ जाता है तथा पीछे अवाष्पशील चतुष्क लवण छोड़ आता है।

$$RNH_2.HI\text{ या }RN\overset{+}{H}_3-\overset{-}{I}+\overset{+}{K}O\overset{-}{H}\rightarrow\underset{\text{प्राथमिक एमीन (वाष्पशील), आसवित}}{RNH_2}+KI+H_2O$$

$$R_2NH.HI\text{ या }R_2N\overset{+}{H}_2-\overset{-}{I}+\overset{+}{K}O\overset{-}{H}\rightarrow R_2NH+KI+H_2O$$

$$R_3N.HI\text{ या }R_3N\overset{+}{H}-\overset{-}{I}+\overset{+}{K}O\overset{-}{H}\rightarrow R_3N+KI+H_2O$$

$R_4\overset{+}{N}\overset{-}{I}$ (अवाष्पशील टेट्राएल्किल अमोनियम लवण) *KOH* के साथ कोई अभिक्रिया नहीं करता, इसलिये ये अवशेष की तरह बना रहता है।

इस मिश्रण को प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक एमीन में निम्न विधियों के अनुप्रयोग द्वारा पृथक कर लेते हैं।

(i) ***प्रभाजी आसवन*** : प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक एमीन के क्वथनांक एकदम भिन्न होते हैं अर्थात् *$C_2H_5NH_2$ का क्वथनांक 17°C, है*

$(C_2H_5)_2NH$ का $56°C$ है और $(C_2H_5)_3N$ का $95°C$ है और इस तरह इन्हें प्रभाजी आसवन द्वारा पृथक कर सकते हैं। ये विधि उद्योगों में संतोषजनक रूप से प्रयुक्त होती है।

(ii) ***हॉफमैन विधि*** : तीनों एमीन के मिश्रण को डाइएथिल ऑक्जेलेट के साथ अभिकृत करते हैं । प्राथमिक एमीन ठोस ऑक्सामाइड बनाते हैं, द्वितीयक एमीन द्रव ऑक्जेमिक एस्टर देते हैं जबकि तृतीयक एमीन अभिक्रिया नहीं करते हैं।

$$\underset{\text{डाइएथिल ऑक्जेलेट}}{\begin{array}{l} CO\,OC_2H_5 \\ | \\ CO\,OC_2H_5 \end{array}} + \underset{\text{प्राथमिक एमीन}}{\begin{array}{l} H\,NHR \\ \\ H\,NHR \end{array}} \xrightarrow{-2C_2H_5OH} \underset{\text{डाइएल्किल ऑक्सामाइड (ठोस)}}{\begin{array}{l} CONHR \\ | \\ CONHR \end{array}}$$

$$\underset{\text{डाइएथिल ऑक्जेलेट}}{\begin{array}{l} COOC_2H_5 \\ | \\ COOC_2H_5 \end{array}} + \underset{\text{द्वितीयक एमीन}}{HNR_2} \xrightarrow{-C_2H_5OH} \underset{\text{डाइएल्किल ऑक्जेमिक एस्टर (द्रव)}}{\begin{array}{l} CONR_2 \\ | \\ COOC_2H_5 \end{array}}$$

जब ठोस ऑक्सामाइड को कास्टिक पोटाश विलयन के साथ गर्म करते हैं तो प्राथमिक एमीन मुक्त होती है एवं अभिक्रिया मिश्रण का आसवन कर आसुत को एकत्र कर लेते हैं।

$$\begin{array}{l} CO\,NHR \\ | \\ CO\,NHR \end{array} + \begin{array}{l} H\,OK \\ \\ H\,OK \end{array} \rightarrow \underset{\text{पोटेशियम ऑक्जेलेट}}{\begin{array}{l} COOK \\ | \\ COOK \end{array}} + \underset{\text{प्राथमिक एमीन (आसवित)}}{2RNH_2}$$

द्रव (ऑक्जेमिक एस्टर + तृतीयक एमीन का मिश्रण) का प्रभाजी आसवन करते हैं तब तृतीयक एमीन आसवित होता है।

बचे हुए द्रव को $KOH$ के साथ आसवित कर द्वितीयक एमीन मुक्त कर लेते हैं।

$$\begin{array}{l} CONR_2 \\ | \\ COOC_2H_5 \end{array} + \begin{array}{l} HOK \\ \\ HOK \end{array} \rightarrow \underset{\text{द्वितीयक एमीन}}{R_2NH} + \underset{\text{पोटेशियम ऑक्जेलेट}}{\begin{array}{l} COOK \\ | \\ COOK \end{array}} + C_2H_5OH$$

(iii) ***हिंसबर्ग विधि*** : इसमें मिश्रण को बेंजीन सल्फोनिल क्लोराइड, के साथ अभिकृत करते हैं अर्थात् ***हिंसबर्ग अभिकर्मक*** ($C_6H_5SO_2Cl$) विलयन को फिर जलीय क्षार के साथ क्षारीय बनाया जाता है जिससे *मोनोएल्किल बेंजीन सल्फोनामाइड (जल में विलेय) का सोडियम अथवा पोटेशियम लवण बनता है।*

$$C_6H_5SO_2Cl + \underset{\text{प्राथमिक एमीन}}{HNHR} \rightarrow \underset{N\text{-एल्किल बेन्जीन सल्फोनामाइड}}{C_6H_5SO_2NHR}$$

$$\xrightarrow{NaOH} \underset{\text{विलेय लवण}}{C_6H_5SO_2N(Na)R}$$

द्वितीयक एमीन $N,N$-डाईएल्किल बेंजीन सल्फोनामाइड बनाती है जो $NaOH$ के साथ कोई लवण नहीं बनाता और क्षारीय विलयन में अविलेय की तरह बना रहता है।

$$C_6H_5SO_2Cl + \underset{\text{द्वितीयक एमीन}}{HNR_2} \rightarrow C_6H_5SO_2NR_2$$

$$\xrightarrow{NaOH} \underset{\text{(जल में अविलेय, ईथर में विलेय)}}{\text{कोई अभिक्रिया नहीं}}$$

तृतीयक एमीन क्रिया नहीं करती।

उपरोक्त एमीन के क्षारीय मिश्रण को ईथर के साथ निष्कासित करते हैं।

इससे दो विभेदित पर्तें बनती हैं। निचली पर्त, जलीय पर्त होती है जिसमें $N$-एल्किल बेंजीन सल्फोनामाइड (प्राथमिक एमीन) का सोडियम लवण होता है एवं ऊपरी पर्त, ईथरीय पर्त होती है। जिसमें $N, N$-डाईएल्किल बेंजीन सल्फोनामाइड (द्वितीयक एमीन) एवं तृतीयक एमीन होता है।

दोनों पर्तों को पृथक कर लेते हैं। ऊपरी पर्त का प्रभाजी आसवन करते हैं। प्राप्त एक प्रभाज तृतीयक एमीन का होता है एवं दूसरे प्रभाज को सान्द्र $HCl$ के साथ अभिकृत कर द्वितीयक एमीन हाइड्रोक्लोराइड मुक्त कर लेते हैं जो $NaOH$ के साथ आसवन पर मुक्त द्वितीयक एमीन देता है।

$$C_6H_5SO_2NR_2 + HCl + H_2O \rightarrow C_6H_5SO_2.OH + R_2NH.HCl$$

$$R_2NH.HCl + NaOH \rightarrow \underset{\text{द्वितीयक एमीन}}{R_2NH} + NaCl + H_2O$$

जलीय पर्त को अम्लीय करते हैं और तनु $HCl$ के साथ जल अपघटित करते हैं। बने हुए हाइड्रोक्लोराइड को फिर $NaOH$ के साथ आसवित करते हैं। जिससे प्राथमिक एमीन आसवित हो जाता है।

$$C_6H_5SO_2N(Na)R + HCl \rightarrow \underset{\text{प्राथमिक एमीन का सल्फोनामाइड}}{C_6H_5SO_2NHR} + NaCl$$

$$C_6H_5SO_2NHR + HCl + H_2O \rightarrow C_6H_5SO_2.OH + \underset{\text{प्राथमिक एमीन हाइड्रोक्लोराइड}}{RNH_2.HCl}$$

$$RNH_2.HCl + NaOH \rightarrow RNH_2 + NaCl + H_2O$$

(4) **भौतिक गुण**

(i) निम्न एमीन गैस अथवा निम्न क्वथनांक वाले द्रव होते हैं जिनमें *अमोनिया के समान विशिष्ट गंध होती है (मछली जैसी गंध)* । उच्च सदस्य ठोस होते हैं ।

(ii) *अणु भार बढ़ने के साथ क्वथनांक के मान बढ़ते हैं।* $NH_3$ के समान एमीन ध्रुवीय यौगिक हैं एवं इनके क्वथनांक समान अणु भार वाले अध्रुवीय यौगिकों से अधिक होते हैं। ये ***अन्तर्अणुक हाइड्रोजन बन्ध*** *(Intermolecular hydrogen bonding)* के कारण होता है।

$$\begin{array}{ccccc} & H & & H & & H & \\ & | & & | & & | & \\ H- & N: & ---H- & N: & ---H- & N: & --- \\ & | & & | & & | & \\ & R & & R & & R & \end{array}$$

एमीन में हाइड्रोजन बंध

(iii) एमीन जल में विलेय हैं। ये एमीन एवं जल अणु के बीच हाइड्रोजन बन्ध बनने के कारण जल में विलेय हैं। एमीन बेंजीन एवं ईथर में भी विलेय हैं।

$$\begin{array}{ccccccccc} & & & H & & & & H & \\ & & & | & & & & | & \\ H- & \ddot{O}: & ---H- & N: & ---H- & \ddot{O}: & ---H- & N: & --- \\ & | & & | & & | & & | & \\ & H & & R & & H & & R & \end{array}$$

एमीन और जल के अणुओं के बीच हाइड्रोजन बंध

*अणु भार बढ़ने के साथ विलेयता कम होती है।*

(5) **रासायनिक गुण :** एमीन की प्रमुख अभिक्रियाएँ नाइट्रोजन परमाणु पर उपस्थित इलेक्ट्रॉन युग्म के कारण होती हैं। एमीन *इलेक्ट्रॉन स्नेही अभिकर्मक* हैं क्योंकि इलेक्ट्रॉन युग्म, इलेक्ट्रॉन न्यून अभिकर्मक (अर्थात् इलेक्ट्रॉन स्नेही) को दान किया जा सकता है।

तृतीयक ब्यूटिल समूह युक्त एमीन के अलावा, *सभी निम्न एमीन + I (प्रेरणिक) प्रभाव के कारण अमोनिया से अधिक प्रबल क्षार है।* एल्किल समूह, जो इलेक्ट्रॉन निर्मोची समूह होते हैं नाइट्रोजन के चारों ओर इलेक्ट्रॉन घनत्व बढ़ाते हैं जिससे प्रोटोन अथवा लुईस अम्ल के लिये इलेक्ट्रॉन युग्म की उपलब्धता बढ़ती है और एमीन अधिक भास्मिक (अधिक $K_b$) बन जाता है। इस तरह ये अनुमानित किया जाता है कि एमीन की भास्मिकता का क्रम **तृतीयक > *द्वितीयक* > *प्राथमिक*** होना चाहिये, *किन्तु निम्न सदस्यों के प्रकरण में*

*प्रेक्षित क्रम द्वितीयक > प्राथमिक > तृतीयक पाया जाता है।* तृतीयक एमीन का ये असामान्य व्यवहार त्रिविम प्रभाव के कारण होता है, अर्थात् एल्किल समूह की भीड़ नाइट्रोजन परमाणु को चारों ओर से घेर लेती है और इस तरह प्रोटोन की पहुँच एवं बन्धन अपेक्षाकृत कठिन बन जाता है जिसके परिणामस्वरूप तृतीयक एमीन में अधिकतम त्रिविम तनाव आ जाता है। इस तरह इलेक्ट्रॉन तो वहाँ पाये जाते हैं किन्तु उनका मार्ग बन्द हो जाता है, परिणामस्वरूप इसकी क्षारीयता कम हो जाती है।

(i) विभिन्न एमीन की भास्मिक प्रकृति का क्रम, *एल्किल समूह की प्रकृति के साथ बदलता है।*

| एल्किल समूह | आपेक्षिक प्रबलता |
|---|---|
| $CH_3-$ | $R_2NH > RNH_2 > R_3N > NH_3$ |
| $C_2H_5-$ | $R_2NH > RNH_2 > NH_3 > R_3N$ |
| $(CH_3)_2CH-$ | $RNH_2 > NH_3 > R_2NH > R_3N$ |
| $(CH_3)_3C-$ | $NH_3 > RNH_2 > R_2NH > R_3N$ |

(ii) ***एरोमैटिक एमीन की भास्मिक प्रकृति*** : एनिलीन अथवा अन्य एरोमैटिक एमीन में, नाइट्रोजन परमाणु पर इलेक्ट्रॉन युग्म उपस्थित होता है जो *बेंजीन वलय में अनुनाद द्वारा विस्थानीकृत (delocalized)* होता है ।



अनुनाद संकर

किन्तु एनिलिनियम आयन, एनिलीन की अपेक्षा कम अनुनाद स्थायी होता है।



अन्य अनुनादी संरचना सम्भव नही है।

इस तरह *N* परमाणु पर इलेक्ट्रॉन घनत्व कम होता है जिसके कारण *एनिलीन अथवा अन्य एरोमैटिक एमीन, एलिफैटिक एमीन की तुलना में कम भास्मिक होते हैं।*

*इसलिये, कोई समूह जब बेंजीन वलय पर उपस्थित हो और उसमें इलेक्ट्रॉन आकर्षी प्रभाव मौजूद हो ($-NO_2$, $-CN$, $-SO_3H$, $-COOH$ $-Cl$, $C_6H_5$, आदि ) तो वह एनिलीन की भास्मिकता को कम करता है।* [नाइट्रोएनिलीन, एनिलीन से कम भास्मिक हैं क्योंकि नाइट्रो समूह इलेक्ट्रॉन आकर्षी समूह (– *I* समूह) है एवं एनिलीन, डाईफेनिल एमीन से अधिक भास्मिक है] *जबकि समूह जिनमें इलेक्ट्रॉन निर्मोची प्रभाव ($-NH_2$, $-OR$, $R-$, आदि)* होता है, *एनिलीन की भास्मिकता को बढ़ाते हैं।* टॉल्युडीन, एनिलीन से अधिक भास्मिक है क्योंकि $-CH_3$ समूह इलेक्ट्रॉन दाता समूह (+ *I* समूह) है।

इसके अलावा $K_b$ का मान जितना अधिक होगा अथवा $pK_b$ का मान जितना कम होगा, क्षार उतना ही अधिक प्रबल होगा। कुछ एमीन के भास्मिक लक्षण का क्रम निम्न है,

$$R_2NH > RNH_2 > C_6H_5CH_2NH_2 > NH_3 > C_6H_5NH_2$$

*N-एल्काइलीकृत एनिलीन त्रिविम प्रभाव के कारण एनिलीन से अधिक प्रबल क्षार है।* एथिल समूह, मेथिल समूह से बडा है और इसमें अधिक त्रिविम प्रभाव होता है, इसलिये *N*-एथिल एनिलीन, *N*-मेथिल एनिलीन से प्रबल क्षार है। इस तरह, भास्मिक लक्षण क्रम निम्न है,

$$C_6H_5N(C_2H_5)_2 > C_6H_5NHC_2H_5 > C_6H_5N(CH_3)_2$$
$$> C_6H_5NHCH_3 > C_6H_5NH_2NH_3 > C_6H_5NHC_2H_5$$
$$> C_6H_5NHCH_3 > C_6H_5NH_2 > C_6H_5NHC_6H_5$$

| | |
|---|---|
| टॉल्युडीन में | –*p*-समावयवी > *m*- > *o*- |
| क्लोरोएनिलीन | –*p*-समावयवी >*m*-> *o*- |
| फेनिलीन डाईएमीन में | –*p*-समावयवी > *m*- > *o*- |
| नाइट्रोएनिलीन में | –*m*-समावयवी > *p*- > *o*- |

❑ *एनिलीन, अमोनिया से कम भास्मिक है। फेनिल समूह –I (प्रेरणिक) प्रभाव उत्पन्न करते हैं, अर्थात् ये इलेक्ट्रॉन आकर्षित करते हैं। इसके परिणामस्वरूप नाइट्रोजन पर प्रोटोनीकरण के लिये आवश्यक इलेक्ट्रॉन की उपलब्धता कम हो जाती है ।*

❑ *एथिल एमीन एवं एसीटामाइड दोनों में एमीनो समूह होता है किन्तु एसीटामाइड क्षारीय प्रकृति प्रदर्शित नहीं करता है क्योंकि नाइट्रोजन पर उपस्थित एकाकी युग्म कार्बोनिल समूह के साथ अनुनाद द्वारा विस्थानीकृत हो जाता है जिसके कारण इसकी प्रोटोनीकरण के लिये उपलब्धता कम हो जाती है।*

→ विस्थानीकरण के कारण उपलब्ध नहीं

$$CH_3-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-\ddot{N}H_2 \leftrightarrow CH_3-\overset{O^-}{\overset{|}{C}}=\overset{+}{N}H_2$$

❑ *यौगिक जिनमें 's' लक्षण कम होता है (sp-संकरण) अधिक क्षारीय होते हैं एवं यौगिक जिनमें 's' लक्षण अधिक होता है (sp- संकरण) कम क्षारीय होते हैं। घटती क्षारीयता क्रम के उदाहरण हैं,*

$$\underset{(sp^3)}{CH_3\ddot{N}H_2} > \underset{(sp^2)}{CH_3-\ddot{N}=CHCH_3} > \underset{(sp)}{CH_3-C\equiv\ddot{N}}$$

$$CH_3CH_2CH_2NH_2 > H_2C=CHCH_2NH_2 > HC\equiv CCH_2NH_2$$

$$(CH_3)_2NH > CH_3NH_2 > NH_3 > C_6H_5NH_2$$

❑ *इलेक्ट्रॉन आकर्षी समूह ($C_6H_5-$) नाइट्रोजन परमाणु पर इलेक्ट्रॉन घनत्व कम करते हैं और इस कारण से क्षारीयता कम करते हैं ।*

$$(CH_3)_2NH > CH_3NH_2 > C_6H_5NHCH_3 > C_6H_5NH_2$$

$$CH_3CH_2NH_2 > HO(CH_2)_3NH_2 > HO(CH_2)_2NH_2$$

❑ *–OH समूह का इलेक्ट्रॉन आकर्षी प्रेरणिक प्रभाव नाइट्रोजन परमाणु पर इलेक्ट्रॉन घनत्व कम करता है। ये प्रभाव एमीनो समूह से दूरी बढ़ने के साथ कम होता है।*

$$CH_3CH_2NH_2 > C_6H_5CONH_2 > CH_3CONH_2$$

(iii) ***लवण निर्माण*** : एमीन क्षारीय प्रकृति के होते हैं, एवं खनिज अम्लों के साथ मिलकर लवण बनाते हैं

$$R-NH_2 + HCl \rightarrow \underset{\text{एल्किल अमोनियम क्लोराइड}}{R\overset{+}{N}H_3\overline{C}l}$$

$$2R-NH_2 + H_2SO_4 \rightarrow \underset{\text{एल्किल अमोनियम सल्फेट}}{(R\overset{+}{N}H_3)_2SO_4^-}$$

(iv) ***जलीय विलयन की प्रकृति*** : एमीनों के विलयन की क्षारीय प्रकृति होती है।

$$RNH_2 + HOH \rightleftharpoons R\overset{+}{N}H_3OH^- \rightleftharpoons [RNH_3]^+ + OH^-$$

$$R_2NH + HOH \rightleftharpoons R_2\overset{+}{N}H_2OH^- \rightleftharpoons [R_2NH_2]^+ + OH^-$$

$$R_3N + HOH \rightleftharpoons R_3\overset{+}{N}HOH^- \rightleftharpoons [R_3NH]^+ + OH^-$$

एमीन का जलीय विलयन $NH_4OH$ के समान व्यवहार करता है और फैरिक क्लोराइड के साथ फैरिक हाइड्रॉक्साइड का अवक्षेप देता है तथा कॉपर सल्फेट के साथ नीला रंग देता है।

$$3RNH_3OH + FeCl_3 \rightarrow Fe(OH)_3 + 3RNH_3Cl$$

(v) ***एल्किल हैलाइड के साथ क्रिया*** (एल्काइलीकरण)

$$\underset{\text{प्राथमिक एमीन}}{RNH_2} \xrightarrow[-HX]{R'X} \underset{\text{द्वितीयक एमीन}}{RNHR'} \xrightarrow[-HX]{R'X} \underset{\text{तृतीयक एमीन}}{R-NR'_2} \xrightarrow{R'X} \underset{\text{चतुष्क लवण}}{(R-\overset{+}{N}R'_3)X^-}$$

(vi) ***एसीटिल क्लोराइड के साथ क्रिया (एसाइलीकरण)***

$$\underset{\text{प्राथमिक एमीन}}{RNH_2} + ClOCCH_3 \xrightarrow{-HCl} \underset{N\text{-एल्किल एसीटामाइड}}{RNHOCCH_3}$$

$$\underset{\text{द्वितीयक एमीन}}{R_2NH} + ClOCCH_3 \xrightarrow{-HCl} \underset{N,N\text{-डाईएल्किल एसीटामाइड}}{R_2NOCCH_3}$$

तृतीयक एमीन अभिक्रिया नहीं करते हैं क्योंकि इनमें नाइट्रोजन पर विस्थापित होने के लिए हाइड्रोजन नहीं होता है।

इसलिए, उपरोक्त सभी अभिक्रियाओं का प्रयोग प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक एमीन के विभेदन में करते हैं।

(vii) ***सोडियम की क्रिया***

$$\underset{1^o\text{ एमीन}}{2RNH_2} + 2Na \xrightarrow{\Delta} \underset{\text{सोडियम लवण}}{2[RNH]^- Na^+} + H_2\uparrow$$

$$\underset{2^o\text{ एमीन}}{2R_2NH} + 2Na \xrightarrow{\Delta} \underset{\text{सोडियम लवण}}{2[R_2N]^- Na^+} + H_2\uparrow$$

(viii) ***हैलोजन की क्रिया***

$$\underset{\text{एल्किल एमीन}}{RNH_2} \xrightarrow[NaOH]{X_2} RNHX \xrightarrow[NaOH]{X_2} \underset{\text{डाईहैलो एल्किल एमीन}}{RNX_2}$$

$$\underset{\text{डाईएल्किल एमीन}}{R_2NH} \xrightarrow[NaOH]{X_2} \underset{\text{हैलो डाईएल्किल एमीन}}{R_2NX}$$

(ix) ***ग्रिगनार्ड अभिकर्मक की क्रिया***

$$RNH_2 + Mg\begin{cases}CH_3\\I\end{cases} \rightarrow CH_4 + RNH-Mg-I$$

$$R_2NH + CH_3-Mg-I \rightarrow CH_4 + R_2N-Mg-I$$

(x) ***कार्बिल एमीन अभिक्रिया***: ये अभिक्रिया केवल प्राथमिक एमीन द्वारा प्रदर्शित की जाती है । ये प्राथमिक एमीन का परीक्षण है एवं प्राथमिक एमीन को द्वितीयक तथा तृतीयक एमीन से विभेदित करने में प्रयुक्त होती है।

$$RNH_2 + CHCl_3 + \underset{\text{(एल्को)}}{3KOH} \rightarrow \underset{\text{एल्किल आइसोसायनाइड (कार्बिल एमीन)}}{RNC} + 3KCl + 3H_2O$$

आइसोसायनाइड दुर्गन्ध युक्त पदार्थ है और आसानी से पहचाना जाता है।

(xi) ***नाइट्रस अम्ल के साथ क्रिया***

(a) प्राथमिक एमीन, नाइट्रस अम्ल (*NaNO₂+ HCl*) के साथ एल्कोहल बनाती है एवं नाइट्रोजन विलोपित होती है।

$$\underset{\text{प्राथमिक एमीन}}{RNH_2} + HONO \rightarrow \underset{\text{एल्कोहल}}{ROH} + N_2 + H_2O$$

मेथिल एमीन इस अभिक्रिया का अपवाद है, अर्थात्

$$CH_3NH_2 + 2HONO \rightarrow \underset{\text{मेथिल नाइट्राइट}}{CH_3-O-N=O} + N_2 + 2H_2O$$

$$2CH_3NH_2 + 2HONO \rightarrow \underset{\text{डाईमेथिल ईथर}}{CH_3-O-CH_3} + 2N_2 + 3H_2O$$

(b) द्वितीयक एमीन नाइट्रोसोएमीन बनाते हैं जो जल में विलेय पीला तेलीय द्रव है।

$$\underset{\text{द्वितीयक एमीन}}{R_2NH} + HONO \rightarrow \underset{\text{डाईएल्किल नाइट्रोसोएमीन}}{R_2NNO} + H_2O$$

नाइट्रोसोएमीन, फिनॉल एवं सान्द्र *H₂SO₄* के साथ गर्म करने पर भूरा अथवा लाल रंग देता है जो शीघ्र ही नीले-हरे रंग में बदल जाता है। तनु करने पर विलयन लाल रंग में बदल जाता है और क्षार के साथ नीले अथवा बैंगनी रंग में परिवर्तित हो जाता है। इस रंग परिवर्तन को *लिबरमेन नाइट्रोसो अभिक्रिया* कहा जाता हैं एवं इसे द्वितीयक एमीन के परीक्षण में प्रयुक्त करते हैं।

(c) तृतीयक एमीन नाइट्रस अम्ल के साथ क्रिया कर नाइट्राइट लवण बनाते हैं जो जल में विलेय हैं। ये लवण गर्म करने पर एल्कोहल एवं नाइट्रोसो एमीन देते हैं।

$$\underset{\text{तृतीयक एमीन}}{R_3N} + HONO \rightarrow \underset{\text{ट्राईएल्किल अमोनियम नाइट्राइट}}{[R_3NH]^+ NO_2^-} \xrightarrow{\text{गर्म}} \underset{\text{एल्कोहल}}{R-OH} + \underset{\text{नाइट्रोसोएमीन}}{R_2N-N=O}$$

*इस अभिक्रिया (नाइट्रस अम्ल परीक्षण) का प्रयोग, प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक एमीन के विभेदन में करते हैं।*

(xii) ***कार्बन डाईसल्फाइड के साथ क्रिया***: ये **हॉफमेन मस्टर्ड ऑइल अभिक्रिया** कहलाती है और इसका प्रयोग **प्राथमिक एमीन के के परीक्षण में करते हैं।**

$$\underset{1^\circ}{RNH_2} \xrightarrow[\text{गर्म}]{S=C=S} \underset{\text{एल्किल डाईथायोकार्बेमिक अम्ल}}{S=C\begin{cases}NHR\\SH\end{cases}} \xrightarrow{HgCl_2}$$

$$\underset{\text{एल्किल आइसोथायोसायनेट (सरसों के तेल की गंध)}}{RNC=S} + \underset{\text{काला अवक्षेप}}{HgS} + 2HCl$$

$$\underset{2^\circ}{R_2NH} \xrightarrow{S=C=S} \underset{\text{डाईएल्किल डाईथायोकार्बेमिक अम्ल}}{S=C\begin{cases}NR_2\\SH\end{cases}} \xrightarrow{HgCl_2}$$

(xiii) ***ऑक्सीकरण*** : तीनों प्रकार के एमीन ऑक्सीकरण करते हैं। उत्पाद का बनना ऑक्सीकारक की प्रकृति, एमीन का प्रकार एवं एल्किल समूह की प्रकृति पर निर्भर करता है।

(a) *प्राथमिक एमीन का ऑक्सीकरण*

$$\underset{\text{प्राथमिक एमीन}}{RCH_2NH_2} \xrightarrow[KMnO_4]{[O]} \underset{\text{एल्डिमीन}}{RCH=NH} \xrightarrow{H_2O} \underset{\text{एल्डिहाइड}}{RCHO} + NH_3$$

$$R_2CHNH_2 \xrightarrow[KMnO_4]{[O]} \underset{\text{कीटीमीन}}{R_2C=NH} \xrightarrow{H_2O} \underset{\text{कीटोन}}{R_2CO} + NH_3$$

(b) *द्वितीयक एमीन का ऑक्सीकरण*

$$\underset{\text{द्वितीयक एमीन}}{R_2NH} \xrightarrow[KMnO_4]{[O]} \underset{\text{टेट्रा एल्किल हाइड्राजीन}}{R_2N-NR_2} \quad ;$$

$$R_2NH \xrightarrow[H_2SO_5]{[O]} \underset{\text{डाईएल्किल हाइड्रॉक्सिल एमीन}}{R_2NOH}$$

(c) *तृतीयक एमीन का ऑक्सीकरण* : पोटेशियम परमेंगनेट द्वारा तृतीयक एमीन ऑक्सीकृत नहीं होती किन्तु कैरो अम्ल अथवा फेन्टन अभिकर्मक द्वारा ऑक्सीकृत होकर एमीन ऑक्साइड देती है।

$$\underset{\text{तृतीयक एमीन}}{R_3N} + [O] \rightarrow \underset{\text{एमीन ऑक्साइड}}{[R_3N \rightarrow O]}$$

(xiv) ***अन्य इलेक्ट्रॉन स्नेही अभिकर्मक के साथ क्रिया***

$$\underset{\text{प्राथमिक एमीन}}{RNH_2} + \underset{\text{एल्डिहाइड}}{O=CHR'} \rightarrow \underset{\text{शिफ क्षार}}{RN=CHR'}$$

$$2RNH_2 + \underset{\text{कार्बोनिल क्लोराइड}}{Cl-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-Cl} \rightarrow \underset{\text{डाईएल्किल यूरिया (सममित)}}{RNH-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-NHR} + 2HCl$$

$$RNHH + \underset{\text{आइसोसायनेट}}{O=C=N-R'} \rightarrow \underset{\text{डाईएल्किल यूरिया (असममित)}}{RNH-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-HNR'}$$

$$RNHH + S = C = N - R' \rightarrow RNH - \overset{\overset{S}{\parallel}}{C} - NHR'$$

आइसोथायो सायनेट डाईएल्किल थायोयूरिया

(xv) ***एरोमैटिक एमीन में वलय प्रतिस्थापन :*** एनिलीन, बेंजीन की अपेक्षा अधिक क्रियाशील है। *एमीनो समूह की उपस्थिति एरोमैटिक वलय को सक्रियित करती है एवं आने वाले समूह को ऑर्थो एवं पैरा स्थिति पर निर्देशित करती है।*

(a) *हैलोजनीकरण*




2, 4, 6-ट्राईब्रोमो एनिलीन
(सफेद अवक्षेप)

इस अभिक्रिया का उपयोग एनिलीन के परीक्षण हेतु किया जाता है

किन्तु, यदि एकल प्रतिस्थापित व्युत्पन्न प्राप्त करना है, तो एनिलीन को सर्वप्रथम एसीटिक एनहाइड्राइड के साथ एसीटलीकृत करते हैं तत्पश्चात् हैलोजनीकरण किया जाता है। हैलोजनीकरण के बाद, एसीटिल समूह को जल अपघटन द्वारा पृथक कर देते हैं एवं केवल एकल प्रतिस्थापित हैलोजन व्युत्पन्न प्राप्त होता है।

यह सूचित किया जा सकता है कि $-NH_2$ समूह आक्रमणकारी समूह को *o*- एवं *p*-स्थिति पर निर्देशित करता है, और इसलिये, *o*- एवं *p*-व्युत्पन्न दोनों प्राप्त होते हैं।




एसीटलीकरण वलय को अक्रिय करता है एवं अभिक्रिया को केवल एकल प्रतिस्थापन तक नियन्त्रित करता है क्योंकि *एसीटिल समूह इलेक्ट्रॉन आकर्षी समूह है और इसलिये N-परमाणु का इलेक्ट्रॉन युग्म कार्बोनिल समूह की ओर आकर्षित होता है।*

(b) *नाइट्रीकरण* : एरोमैटिक एमीन सीधे ही नाइट्रीकृत नहीं हो सकती, क्योंकि ये आसानी से ऑक्सीकृत होती है। ऐसा इसलिये होता है क्योंकि *$HNO_3$ एक प्रबल ऑक्सीकारक है जिसके परिणामस्वरूप वलय का आंशिक ऑक्सीकरण होता है और काला पदार्थ बनता है।*

इसलिये, इस समस्या को हल करने के लिये, *नाइट्रीकरण* करने से पहले *$-NH_2$ समूह को एसीटलीकरण द्वारा सुरक्षित किया जाता है।* एसीटलीकरण वलय को अक्रिय करता है और इसलिये, अभिक्रिया को नियन्त्रित करता है।

नाइट्रोएसीटनिलाइड के जल अपघटन से रक्षित एसिल समूह पृथक हो जाता है एवं पुनः एमीन देता है।




(c) *सल्फोनीकरण*




सल्फेनिलिक अम्ल (I) ज्विटर आयन संरचना (II)

सल्फेनिलिक अम्ल द्विध्रुव आयन (संरचना II) की तरह उत्पन्न होता है जिसमें एक ही अणु में अम्लीय एवं क्षारीय समूह होते हैं। इस प्रकार के आयन को ***ज्विटर आयन या अन्तः लवण*** (***inner salts***)कहते हैं।

(6) **उपयोग**

(i) *पेट्रोलियम परिशोधन* में एथिल एमीन विलायक निष्कर्षण विधि में प्रयुक्त होती है एवं *रबर लेटेक्स* के लिये *स्थायीकारक* की तरह प्रयुक्त होता है।

(ii) चतुष्क अमोनियम लवण जिन्हें लम्बी श्रृंखला वाले एलिफैटिक तृतीयक एमीन से उत्पन्न किया जाता है, अपमार्जक (Detergent) की तरह बहुत अधिक प्रयुक्त होते हैं।

(iii) कम अणु भार वाली एलिफैटिक एमीन का प्रयोग विलायक की तरह करते हैं।

**सारणी : 29.3 प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक एमीन के बीच विभेद**

| परीक्षण | प्राथमिक एमीन | द्वितीयक एमीन | तृतीयक एमीन |
|---|---|---|---|
| $CHCl_3$ एवं एल्कोहलिक $KOH$ की | दुर्गन्ध युक्त कार्बिल एमीन (आइसोसायनाइड) | कोई क्रिया नहीं | कोई क्रिया नही |

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्रिया (कार्बिल एमीन परीक्षण) | बनता है | | |
| $CS_2$ एवं $HgCl_2$ की क्रिया (मस्टर्ड तेल परीक्षण) | एल्किल आइसो थायो सायनेट बनता हैं जिसमें सरसों के तेल के समान तीव्र गन्ध आती है। | कोई क्रिया नही | कोई क्रिया नही |
| नाइट्रस अम्ल की क्रिया | नाइट्रोजन निकलने के साथ एल्कोहल बनता है। | नाइट्रोसो एमीन बनता है जो फिनॉल एवं सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ हरा रंग देता है (लीबरमैन परीक्षण) | ठण्डे में नाइट्राइट बनाता है जो गर्म करने पर नाइट्रोसो एमीन देता है जो लीबरमैन परीक्षण को देता है। |
| एसीटिल क्लोराइड की क्रिया | एसीटिल व्युत्पन्न बनता है | एसीटिल व्युत्पन्न बनता है। | कोई क्रिया नही |
| हिंसबर्ग अभिकर्मक की क्रिया | मोनो एल्किल सल्फोनामाइड बनता हैं जो $KOH$ में विलेय है। | डाईएल्किल सल्फोनामाइड बनता है जो $KOH$ में अविलेय है। | कोई क्रिया नही |
| मेथिल आयोडाईड की क्रिया | $CH_3I$ के तीन अणु (मोल) एक मोल प्राथमिक एमीन के साथ चतुष्क लवण बनाते हैं | $CH_3I$ के 2 मोल द्वितीयक एमीन के एक मोल के साथ चतुष्क लवण बनाते हैं। | $CH_3I$ का एक मोल तृतीयक एमीन के एक मोल के साथ चतुष्क लवण बनाता है। |

❑ *एनिलीन नाइट्रस अम्ल के साथ एल्कोहल नहीं बनाता किन्तु बेंजीन डाईएजोनियम क्लोराइड बनाता है जो **रंजक परीक्षण** प्रदर्शित करता है ।*

## एनिलीन (Aniline)

एनिलीन को सर्वप्रथम **अनवर्डरबेन *(1826) ने इण्डिगो के शुष्क आसवन द्वारा प्रयोगशाला में बनाया,*** इसे बनाने के लिये नाइट्रोबेंजीन का टिन एवं हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ अपचयन किया जाता है

$$\underset{\text{नाइट्रोबेन्जीन}}{C_6H_5NO_2}+6H \xrightarrow{Sn,\,HCl} \underset{\text{एनिलीन}}{C_6H_5NH_2}+2H_2O$$

बनी हुई एनिलीन, $H_2SnCl_6(SnCl_4+2HCl)$ के साथ संयुक्त होकर द्विक लवण बनाती है।

$$2C_6H_5NH_2+SnCl_4+2HCl \rightarrow \underset{\text{द्विक लवण}}{(C_6H_5NH_3)_2SnCl_6}$$

द्विक लवण से , एनिलीन को सान्द्र कास्टिक सोडा विलयन के द्वारा प्राप्त किया जाता है।

$$(C_6H_5NH_3)_2SnCl_6+8NaOH \rightarrow 2C_6H_5NH_2 +6NaCl+Na_2SnO_3+5H_2O$$

***औद्योगिक स्तर पर,*** एनिलीन को, नाइट्रोबेंजीन के अपचयन से प्राप्त करते हैं जो आयरन फिलिंग एवं सान्द्र हाइड्रोक्लोरिक अम्ल द्वारा किया जाता है।




बड़े पैमाने पर एनिलीन को, $200°C$ ताप 300-400 वायुमण्डल दाब एवं क्यूप्रस उत्प्रेरक की उपस्थिति में, क्लोरोबेंजीन पर एमीन की क्रिया द्वारा प्राप्त किया जाता है।

$$2C_6H_5Cl+2NH_3+Cu_2O \xrightarrow[300-400\ atm]{200°C} 2C_6H_5NH_2+Cu_2Cl_2+H_2O$$

**भौतिक गुण :** ताजा बनी एनिलीन रंगहीन तैलीय द्रव है (क्वथनांक *184°C*)। इसकी लाक्षणिक अरूचिकर गन्ध होती है एवं अविषैली प्रकृति होती है। ये जल से भारी है और जल में अल्प विलेय है। ये एल्कोहल, ईथर एवं बेंजीन में विलेय है रखा रहने पर इसका रंग गहरा भूरा हो जाता है।

ये पूर्व में वर्णित सभी विशिष्ट अभिक्रियाएँ प्रदर्शित करती हैं।

**उपयोग:** (1) डाईएजोनियम यौगिक के बनाने में जिनका उपयोग रंजक उद्योगों में होता है।

(2) एनिल (एनिलीन से शिफ क्षार) का उपयोग एण्टीऑक्सीडेण्ट की तरह रबर उद्योग में होता है।

(3) इसका उपयोग इसके कुछ व्युत्पन्न बनाने में होता है जैसे एसीटामाइड, सल्फानिलिक अम्ल एवं सल्फा दवाईयाँ।

(4) रबर के वल्कनीकरण में त्वरक की तरह प्रयुक्त होता है।

## कुछ प्रमुख परिवर्तन (Some important conversions)

**(1) मेथिल एमीन का एथिल एमीन में परिवर्तन (आरोहण)**

$$\underset{\text{मेथिल एमीन}}{CH_3NH_2} \xrightarrow{HNO_2} \underset{\text{मेथिल एल्कोहल}}{CH_3OH} \xrightarrow{PI_3} \underset{\text{मेथिल आयोडाइड}}{CH_3I}$$

$$\xrightarrow{NaCN} \underset{\text{मेथिल सायनाइड}}{CH_3CN} \xrightarrow{LiAlH_4} \underset{\text{एथिल एमीन}}{CH_3CH_2NH_2}$$

**(2) एथिल एमीन का मेथिल एमीन में परिवर्तन (अवरोहण)**

$$\underset{\text{एथिल एमीन}}{CH_3CH_2NH_2} \xrightarrow{HNO_2} \underset{\text{एथेनॉल}}{CH_3CH_2OH} \xrightarrow[K_2Cr_2O_7/H_2SO_4]{[O]} \underset{\text{एसीटेल्डिहाइड}}{CH_3CHO}$$

$$\xrightarrow{[O]} \underset{\text{एसीटिक अम्ल}}{CH_3COOH} \xrightarrow{SOCl_2} \underset{\text{एसीटिल क्लोराइड}}{CH_3COCl}$$

$$\xrightarrow{NH_3} \underset{\text{एसीटामाइड}}{CH_3CONH_2} \xrightarrow[KOH]{Br_2} \underset{\text{मेथिल एमीन}}{CH_3NH_2}$$

**(3) एथिल एमीन का एसीटोन में परिवर्तन**

$$\underset{\text{एथिल एमीन}}{C_2H_5NH_2} \xrightarrow{HNO_2} \underset{\text{एथिल एल्कोहल}}{C_2H_5OH} \xrightarrow[H_2SO_4]{K_2Cr_2O_7}$$

$$\underset{\text{एसीटेल्डिहाइड}}{CH_3CHO} \xrightarrow[H_2SO_4]{K_2Cr_2O_7} \underset{\text{एसीटिक अम्ल}}{CH_3COOH} \xrightarrow{Ca(OH)_2} \underset{\text{कैल्शियम एसीटेट}}{(CH_3COO)_2Ca}$$

$$\xrightarrow{\text{गर्म}} \underset{\text{एसीटोन}}{CH_3COCH_3}$$

**(4) प्रोपियोनिक अम्ल का परिवर्तन**

(i) एथिल एमीन में (ii) *n*-ब्यूटिल एमीन में

(i) $$\underset{\text{प्रोपियोनिक अम्ल}}{CH_3CH_2COOH} \xrightarrow{SOCl_2} \underset{\text{प्रापियोनिल क्लोराइड}}{CH_3CH_2COCl} \xrightarrow{NH_3}$$

$$\underset{\text{प्रोपियोनामाइड}}{CH_3CH_2CONH_2} \xrightarrow[KOH]{Br_2} \underset{\text{एथिल एमीन}}{CH_3CH_2NH_2}$$

या $C_2H_5COOH \xrightarrow[H_2SO_4(\text{सान्द्र})]{N_3H} C_2H_5NH_2$

(ii) $$\underset{\text{प्रोपियोनिक अम्ल}}{CH_3CH_2COOH} \xrightarrow[\text{ईथर}]{LiAlH_4} \underset{n-\text{प्रोपिल एल्कोहल}}{CH_3CH_2CH_2OH} \xrightarrow{PBr_5}$$

$$\underset{\text{प्रोपिल ब्रोमाइड}}{CH_3CH_2CH_2Br} \xrightarrow{KCN} \underset{\text{प्रोपिल सायनाइड}}{CH_3CH_2CH_2CN}$$

$$\xrightarrow[\text{या } LiAlH_4]{Na+C_2H_5OH} \underset{n-\text{ब्यूटिल एमीन}}{CH_3CH_2CH_2CH_2NH_2}$$

**(5) एथिलीन का 1,4-डाईएमीनोब्यूटेन में परिवर्तन**

$$\underset{\text{एथिलीन}}{CH_2=CH_2} \xrightarrow[CCl_4]{Br_2} \underset{\text{एथिलीन ब्रोमाइड}}{CH_2Br.CH_2Br} \xrightarrow{NaCN}$$

$$\underset{\text{एथिलीन सायनाइड}}{NCCH_2CH_2CN} \xrightarrow{LiAlH_4} \underset{1,4-\text{डाईएमीनो ब्यूटेन}}{NH_2CH_2CH_2CH_2CH_2NH_2}$$

## डाईएजोनियम लवण (Diazonium salts)

डाईएजोनियम लवण का सामान्य सूत्र $ArN_2^+X^-$, है, यहाँ $X$ एनायन हो सकता है जैसे *Cl, Br* आदि एवं $N_2^+(-N\equiv N^+)$ समूह को डाईएजोनियम आयन समूह कहते हैं।

(1) **नामकरण :** डाईएजोनियम लवण का नाम लेते समय शब्द डाईएजोनियम पितृ एरोमैटिक यौगिक के साथ जोड़ देते हैं जिससे ये सम्बन्धित होते हैं इसके बाद एनायन का नाम लिखते हैं उदाहरण के लिये,



बेन्जीन डाईएजोनियम क्लोराइड



*p*-टॉलुईन डाईएजोनियम क्लोराइड



*o*-क्लोरोबेन्जीन डाईएजोनियम क्लोराइड



*m*-हाइड्रॉक्सी बेन्जीन डाईएजोनियम ब्रोमाइड

डाईएजोनियम लवण में अन्य एनायन भी हो सकते हैं जैसे $NO_3^-, HSO_4^-, BF_4$ आदि।



*p*- नाइट्रोबेन्जीन डाईएजोनियम हाइड्रोजन सल्फेट

(2) **डाईएजोनियम लवण बनाने की विधियाँ :**

$NaNO_2 + HCl \rightarrow NaCl + HONO$



एनिलीन बेन्जीन डाईएजोनियम क्लोराइड

एरोमैटिक प्राथमिक एमीन को डाईएजोनियम लवण में बदलने की अभिक्रिया **डाईएजोटीकरण** (Diazotisation) कहलाती है।

(3) **डाईएजोनियम लवण के भौतिक गुण**

(i) डाईएजोनियम लवण सामान्यतः रंगहीन, क्रिस्टलीय ठोस हैं।

(ii) ये जल में शीघ्रता से घुलते हैं किन्तु एल्कोहल में अल्प विलेय हैं।

(iii) ये अस्थायी हैं एवं शुष्क अवस्था में विघटित होते हैं इसलिये इन्हें सामान्यतः विलयन अवस्था में प्रयुक्त करते हैं।

(iv) इनका जलीय विलयन लिटमस के प्रति उदासीन है एवं आयन की उपस्थिति के कारण विद्युत संचालन करते हैं।

(4) **डाईएजोनियम लवण के रासायनिक गुण**

(i) ***प्रतिस्थापन अभिक्रिया*** *(Substitution reaction)* **:** प्रतिस्थापन या विस्थापन अभिक्रियाओं में, डाईएजोनियम लवण का नाइट्रोजन, $N_2$ की तरह निकलता है और इसके स्थान पर विभिन्न समूह प्रवेश करते हैं।

(a) *–OH समूह द्वारा विस्थापन*



बेन्जीन डाईएजोनियम क्लोराइड फिनॉल

(b) *हाइड्रोजन द्वारा विस्थापन*



बेन्जीन डाईएजोनियम क्लोराइड बेन्जीन

(c) *–Cl समूह द्वारा विस्थापन*



क्लोरोबेन्जीन

इस अभिक्रिया को ***सेण्डमेयर अभिक्रिया कहते हैं ।***

जब डाईएजोनियम लवण विलयन को ताँबे के चूर्ण एवं संगत हैलोजन अम्ल के साथ गर्म करते हैं, तो सम्बन्धित हैलोजन प्रवेश करती है। अभिक्रिया सेण्डमेयर अभिक्रिया का संशोधित रूप है और इसे ***गाटरमेन अभिक्रिया*** कहते हैं।




(d) *आयोडो (–I) समूह द्वारा विस्थापन*



आयोडोबेन्जीन

(e) *– F समूह द्वारा विस्थापन*



बेन्जीन डाईएजोनियम फ्लोरोबोरेट फ्लोरोबेन्जीन

इस अभिक्रिया को **बेल्ज शीमेन अभिक्रिया** कहते हैं ।

(f) *सायनो (– CN) समूह द्वारा विस्थापन*



सायनोबेन्जीन

नाइट्राइट को अम्ल में जल अपघटित किया जा सकता है ।



बेन्जोइक अम्ल

कार्बोक्सिलिक अम्ल बनाने की ये विधि ग्रिगनार्ड अभिकर्मक के कार्बोनीकरण की अपेक्षा अधिक उपयोगी है।

(g) *– NO समूह द्वारा विस्थापन*



डाईएजोनियम फ्लोरोबोरेट नाइट्रोबेन्जीन

(h) *थायो (–SH) समूह द्वारा विस्थापन*




(ii) ***युग्मन अभिक्रियाएँ*** *(Coupling reactions)* **:** डाईएजोनियम आयन इलेक्ट्रॉन स्नेही की तरह कार्य करता है क्योंकि सिरे पर उपस्थित नाइट्रोजन (Terminal) पर धनावेश होता है। ये नाभिकस्नेही एरोमैटिक यौगिक के साथ (*Ar–H*) क्रिया कर सकते हैं जिसमें ये इलेक्ट्रॉन निर्मोची समूह (– *OH* एवं – *NH*), द्वारा सक्रियित होते हैं जो प्रबल नाभिकस्नेही के समान एरोमैटिक डाईएजोनियम लवण के साथ क्रिया करते हैं। इसलिये, बेंजीन डाईएजोनियम क्लोराइड इलेक्ट्रॉन धनी यौगिक जैसे फिनॉल एवं एनिलीन के साथ युग्मित होकर एजो यौगिक देते हैं। एजो यौगिकों में *–N = N–* बन्ध होता है एवं अभिक्रिया को *युग्मन अभिक्रिया* कहते हैं।




*p*-हाइड्रॉक्सी एजोबेन्जीन (पीला)




*p*-एमीनोएजोबेन्जीन (नारंगी)




N,N-डाइमेथिल-p-एमीनो एजोबेन्जीन (नारंगी)

हाइड्रॉक्सी या एमीनो समूह के सापेक्ष युग्मन पैरा स्थिति पर पाया जाता है। *सभी एजो यौगिक प्रबल रंगीन होते हैं एवं रंजक की तरह प्रयुक्त होते हैं।* मेथिल ओरेन्ज एक महत्वपूर्ण रंजक है जिसे प्राप्त करने के लिये सल्फेनिलिक अम्ल के डाईएजोनियम लवण का, *N, N*- डाईमेथिल एनिलीन के साथ युग्मन कराते हैं।




मेथिल औरेन्ज

❑ *विभिन्न एरोमैटिक यौगिकों के संश्लेषण में डाईएजोनियम लवण एक अत्यन्त उपयोगी मध्यवर्ती है। इसका प्रयोग कार्बनिक यौगिकों की कई श्रेणी बनाने में होता है विशेषतः शुद्ध अवस्था में एरिल हैलाइड । उदाहरण के लिये 1, 2, 3-ट्राइब्रोमो बेंजीन को शुद्ध अवस्था में बेंजीन के सीधे ब्रोमीनीकरण से नहीं बना सकते। किन्तु, इसे अभिक्रिया के निम्न क्रम के द्वारा बना सकते हैं जिसका आरम्भ p-नाइट्रो एनिलीन से डाईएजोनियम लवण के निर्माण द्वारा करते हैं जो इस तरह से हैं :*




1, 2, 3-ट्राई ब्रोमोबेन्जीन

### (5) डाईएजोनियम लवण के उपयोग

(i) एजो रंजक के निर्माण में।

(ii) महत्वपूर्ण कार्बनिक यौगिक जैसे *m*-ब्रोमोटॉलुईन, *m*-ब्रोमोफिनॉल, आदि के औद्योगिक निर्माण में।

(iii) उपयोगी हैलोजन प्रतिस्थापी एरीन की कई किस्मों के निर्माण में ।

# Tips & Tricks

✍ एल्किल नाइट्राइट नाइट्रस अम्ल के एस्टर हैं।

✍ नाइट्रोपैराफिन को तेल, वसा, रेजिन, एस्टर, रबर और सेल्युलोज आदि के लिए विलायक की तरह प्रयुक्त करते हैं। नाइट्रोमेथेन को रेसिंग ऑटोमोबाइल्स में उच्च शक्तिशाली ईंधन के रुप में प्रयुक्त करते हैं।

✍ नाइट्रोबेन्जीन फ्रीडल क्रॉफ्ट अभिक्रिया के लिए एक अच्छा विलायक है क्योंकि यह $AlCl_3$ को अच्छी तरह विलेय कर लेता है।

✍ सभी एमीन की प्रकृति क्षारीय होती है। प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक एमीन की क्षारीय प्रकृति उसमें उपस्थित नाइट्रोजन के पास असहभागी इलेक्ट्रॉनों की उपस्थिति के कारण होती है, क्योंकि इससे वह एक प्रोटॉन ग्रहण कर सकते हैं। जब एक प्रोटॉन जुड़ता है तो धनायन बनता है और पूर्व की उदासीन एमीन प्रोटॉन के आवेश को ग्रहण कर लेती है। इस क्रिया द्वारा बने आयनों को ओनियम आयन कहते हैं। एमीन के प्रकरण में बनने वाले आयन, प्रतिस्थापी अमोनियम आयन होते हैं। हाइड्रोनियम आयन $(H_3O)$ भी ओनियम आयन हैं जो कि ऑक्सोनियम आयनों के वर्ग में आता है।

✍ अमोनिया के कुछ व्युत्पन्न क्षारीयता के घटते क्रम में निम्न प्रकार से हैं। $(CH_3)_4NOH$, $(CH_3)_2NH$, $CH_3NH_2$, $(CH_3)_3N$, $NH_3$, $C_6H_5NH_2$, $C_6H_5NHCH_3$, $C_6H_5NH_2$, $(C_6H_5)_2NH$, $CH_3CONH_2$.

✍ जल में क्षारीयता का क्रम हाइड्रोनियम आयन के संदर्भ में निम्न है: प्राथमिक < तृतीयक < द्वितीयक एमीन। इस प्रकरण में विलायकन कारक और त्रिविम प्रभाव कुछ सीमा तक, प्रेरणिक प्रभाव के कारण उत्पन्न हुए क्षारीयता के क्रम को परिवर्तित कर देते हैं।

✍ ट्राईक्लोरो एसीटिक अम्ल को संदर्भित अम्ल के रुप में उपयोग करके अध्रुवीय विलायक जैसे बेंजीन में क्षारीयता का क्रम निम्न है। तृतीयक < द्वितीयक < प्राथमिक एमीन। विलायकन कारक अनुपस्थित होता है लेकिन त्रिविम प्रभाव एल्किल समूह के प्रेरणिक प्रभाव को अव्यवस्थित कर देता है।

✍ कार्बिल एमीन परीक्षण विशेषतः प्राथमिक एमीन्स के लिए है।

# Ordinary Thinking

### Objective Questions

## नाइट्रोजन युक्त यौगिकों का परिचय

1. सायनाइड आयन है
   (a) नाभिक स्नेही (b) इलेक्ट्रॉन स्नेही
   (c) तीव्र अम्लीय (d) अक्रिय व उदासीन

2. एमीनो तथा $-COOH$ दोनों समूहों वाले कार्बनिक यौगिक कहलाते हैं
   (a) डाईएमीन (b) अज्ञात
   (c) एमीनो अम्ल (d) एन्जाइम

3. निम्न में $1^o$ एमीन है
   (a) एथिलीन डाईएमीन (b) डाईमेथिल एमीन
   (c) ट्राईमेथिल एमीन (d) $N$-मेथिल एमीन

4. $C_3H_9N$ प्रदर्शित करता है [AMU 1988]
   (a) प्राथमिक एमीन (b) द्वितीयक एमीन
   (c) तृतीयक एमीन (d) इन सभी को

5. $(CH_3)_2C(NH_2).CH_2.CO.CH_3$ है [MP PET/PMT 1988]
   (a) डाईएसीटोन (b) एसीटोनएमीन
   (c) डाईएसीटोनएमीन (d) एमीनो एसीटोन

6. एक द्वितीयक एमीन है [KCET 1992]
   (a) दो $-NH_2$ समूह वाला एक कार्बनिक यौगिक
   (b) एक $-NH_2$ समूह और दो कार्बन परमाणुओं वाला यौगिक
   (c) संख्या 2 की स्थिति में कार्बन परमाणु पर $-NH_2$ समूह वाला यौगिक
   (d) एक यौगिक जिसमें $NH_3$ के दो हाइड्रोजन को कार्बनिक समूह के द्वारा विस्थापित किया गया है

7. मेथिल एमीनोमेथेन का संरचना सूत्र है [MP PMT 1991]
   (a) $(CH_3)_2CHNH_2$ (b) $(CH_3)_3N$
   (c) $(CH_3)_2NH$ (d) $CH_3NH_2$

8. एलिल आइसोसायनाइड में होते हैं [IIT 1995]
   (a) 9 सिग्मा बन्ध और 4 पाई बन्ध
   (b) 8 सिग्मा बन्ध और 5 पाई बन्ध
   (c) 8 सिग्मा बन्ध, 3 पाई बन्ध और 4 अन-आबन्धी इलेक्ट्रॉन
   (d) 9 सिग्मा बन्ध, 3 पाई बन्ध और 2 अन-आबन्धी इलेक्ट्रॉन

9. ट्राईएमीनोबेन्जीन है [BHU 1996]
   (a) $2^o$ एमीन (b) $3^o$ एमीन
   (c) $1^o$ एमीन (d) चतुष्क लवण

10. $CH_2=CH-CH_2-NH-CH_3$ है, एक [RPET 2000]
   (a) द्वितीयक एमीन (b) प्राथमिक एमीन
   (c) तृतीयक एमीन (d) इनमें से कोई नहीं

11. 1984 में भोपाल त्रासदी में रिसने वाली गैस थी [MP PET 2001]
   (a) $CH_3-N=C=O$ (b) $CH_3-C-N=S$
   (c) $CHCl_3$ (d) $C_6H_5COCl$

12. निम्न में से कौन नाइट्रो व्युत्पन्न नहीं है [DCE 2004]
   (a) $C_6H_5NO_2$ (b) $CH_3CH_2ONO$
   (c)  (d) $C_6H_4(OH)NO_2$

13. एसीटोनाइट्राइल है [MP PMT 2004]
   (a) $C_2H_5CN$ (b) $CH_3CN$
   (c) $CH_3COCN$ (d) $C_6H_5CH_2CN$

14. एल्किल साइनाइड में एल्किल समूह जुड़ा रहता है [BCECE 2005]
   (a) $CN$ समूह के $C$ से
   (b) $CN$ समूह के $N$ से
   (c) $CN$ समूह के $C$ या $N$ से
   (d) $CN$ समूह के $C$ और $N$ दोनों से

15. $C_4H_{11}N$ से प्राप्त समावयवी प्राथमिक एमीनों की संख्या है [DPMT 2005]
   (a) 3 (b) 4
   (c) 5 (d) 6

## नाइट्रोजन युक्त यौगिकों के बनाने की विधियाँ

1. एमाइड का एमीन में परिवर्तन करने वाली अभिक्रिया का नाम दिया गया है [CPMT 1974; MP PET 1992; CBSE PMT 1999]
(a) पर्किन (b) क्लेजन
(c) हॉफमैन (d) कॉल्बे

2. अभिक्रिया $CH_3CONH_2 \xrightarrow{NaOBr}$ में उत्पाद है [CPMT 1983, 93, 97]
(a) $CH_3Br$ (b) $CH_4$
(c) $CH_3COBr$ (d) $CH_3NH_2$

3. एसीटामाइड को अलग-अलग निम्न अभिकर्मकों से साथ क्रिया कराने पर मेथिल एमीन कौन बनायेगा [IIT 1983; CPMT 1988, 94; MP PET 1993; MP PMT 1996; AIIMS 1998]
(a) $PCl_5$ (b) $NaOH + Br_2$
(c) सोडालाइम (d) गर्म सान्द्र $H_2SO_4$

4. एमाइड पर ब्रोमीन एवं क्षार की क्रिया द्वारा बने एक एमीन में होंगे
(a) एमाइड के समान C परमाणु
(b) एमाइड से एक कम C परमाणु
(c) एमाइड से एक अधिक C परमाणु
(d) एमाइड से दो अधिक C परमाणु

5. $CH_3CN \xrightarrow{Na + C_2H_5OH} X$
में यौगिक $X$ है [MP PMT 1983; BHU 1984]
(a) $CH_3CONH_2$ (b) $CH_3CH_2NH_2$
(c) $C_2H_6$ (d) $CH_3NHCH_3$

6. ब्रोमीन तथा कास्टिक पोटाश की निम्न पर क्रिया से एथिल एमीन बनाया जा सकता है [CPMT 1994]
(a) एसीटामाइड (b) प्रोपियोनामाइड
(c) फॉर्मामाइड (d) मेथिल सायनाइड

7. एथिल एमीन बनाया जा सकता है [CPMT 1985]
(a) एथिल आयोडाइड पर $NH_3$ की क्रिया से
(b) एथिल एल्कोहल पर $NH_3$ की क्रिया से
(c) (a) तथा (b) दोनों से
(d) इनमें से कोई नहीं

8. एनिलीन का शोधन सामान्यतः होता है [CPMT 1983, 93; JIPMER 1997]
(a) वाष्प आसवन द्वारा (b) सरल आसवन द्वारा
(c) निर्वात् आसवन द्वारा (d) डाईएजो यौगिक द्वारा

9. नाइट्रोएल्केन के अपचयन से बनता है
(a) अम्ल (b) एल्कोहल
(c) एमीन (d) डाईएजो यौगिक

10. निम्न में से किसके द्वारा एसीटामाइड का मेथिल एमीन में परिवर्तन होता है
(a) हॉफमैन-ब्रोमामाइड अभिक्रिया
(b) हॉफमैन-अभिक्रिया
(c) फ्रीडल-क्रॉफ्ट अभिक्रिया
(d) हिंसबर्ग अभिक्रिया

11. मेथिल आयोडाइड को अमोनिया के साथ गर्म करने से बनता है
(a) मेथिल एमीन
(b) डाईमेथिल एमीन
(c) ट्राईमेथिल एमीन
(d) इन तीनों एमीनों का मिश्रण

12. एसीटनिलाइड को एनिलीन तथा निम्न में से किसके साथ क्रिया द्वारा बनाते हैं
(a) एथेनॉल (b) एसीटेल्डिहाइड
(c) एसीटोन (d) एसीटिक एनहाइड्राइड

13. उदासीन माध्यम (जैसे $Zn / NH_4Cl$ ) में नाइट्रोएल्केन के अपचयन से मुख्यतः बनता है
(a) $R-NH_2$ (b) $R-NHOH$
(c) $R-N=N-Cl$ (d) ये सभी

14. एनिलीन का ऑक्सीकरण किसके द्वारा कराने पर नाइट्रोसोबेन्जीन बनता है
(a) $H_2SO_4$ (b) $H_2SO_5$
(c) $H_2SO_3$ (d) $K_2Cr_2O_7$

15. हिंसबर्ग विधि का उपयोग होता है
(a) प्राथमिक एमीन के निर्माण में
(b) द्वितीयक एमीन के निर्माण में
(c) तृतीयक एमीन के निर्माण में
(d) एमीनो के मिश्रण के पृथक्करण में

16. निम्न में से कौनसा एक यौगिक अपचयन पर द्वितीयक एमीन देता है
(a) नाइट्रोमेथेन (b) नाइट्रोबेन्जीन
(c) मेथिल आइसोसायनाइड (d) मेथिल सायनाइड

17. $Cl_2, NaOH$ और निम्न में से किसके बीच अभिक्रिया द्वारा क्लोरोपिक्रिन का निर्माण किया जा सकता है
(a) नाइट्रोमेथेन (b) नाइट्रोएथेन
(c) नाइट्रोफिनॉल (d) नाइट्रोस्टायरीन

18. अभिक्रिया $R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-OH \xleftarrow{H_3O^+} X \xrightarrow{[H]} RCH_2NH_2$; में $X$ होगा [MP PMT 1990]
(a) आइसोनाइट्राइल (b) नाइट्राइल
(c) नाइट्राइट (d) ऑक्सीम

19. जब एथेनॉल को अमोनिया के साथ मिलाकर एल्युमिना के ऊपर प्रवाहित किया जाता है तो कौनसा यौगिक बनता है [CBSE PMT 1990]
(a) $C_2H_5NH_2$ (b) $C_2H_4$
(c) $C_2H_5OC_2H_5$ (d) $CH_3OCH_3$

20. निम्न में से कौनसी अभिक्रिया एमीन को नहीं बनाती है [CPMT 1989, 93]
(a) $RX + NH_3 \longrightarrow$
(b) $RCH = NOH + [H] \xrightarrow[C_2H_5OH]{Na}$
(c) $RCN + H_2O \xrightarrow{H^+}$
(d) $RCONH_2 + 4H \xrightarrow{LiAlH_4}$

21. अभिक्रिया एसीटामाइड $\xrightarrow[\Delta]{P_2O_5} A \xrightarrow{4H} B$ में, $B$ की पहचान कीजिये [MP PET 1995]
(a) $CH_3NH_2$ (b) $CH_3CH_2NH_2$
(c) $CH_3CN$ (d) $CH_3COONH_4$

22. निम्नलिखित में से कौन अपचयित होकर प्राथमिक एमीन देता है [MP PMT 1995]
(a) $CH_3-CH_2-\overset{O}{\overset{\|}{N}} \rightarrow O$
(b) $CH_3-CH_2-O-N=O$
(c) $CH_3CH_2NO_3$
(d) इनमें से कोई नहीं

**23.** निम्नलिखित में से कौन $HNO_2$ से अभिक्रिया करके एल्कोहल में परिवर्तित हो जाता है **[MP PET 1996; MP PMT 1999]**
(a) मेथिल एमीन (b) एनिलीन
(c) डाईमेथिल एमीन (d) ट्राईएथिल एमीन

**24.** निम्नलिखित में से कौन $CHCl_3$ तथा $KOH$ से अभिक्रिया करके $RNC$ बनाता है **[MP PET 1996]**
(a) $RNH_2$ (b) $R_2NH$
(c) $R_3N$ (d) $R_4N^+Cl^-$

**25.** $0^o-5^oC$, पर जब एनिलीन की क्रिया $NaNO_2$ तथा तनु $HCl$ के साथ होती है तो अभिक्रिया से प्राप्त होने वाला यौगिक है **[MP PMT 1996; AIIMS 1996]**
(a) नाइट्रोएनिलीन
(b) बेन्जीन डाईएजोनियम क्लोराइड
(c) बेन्जीन
(d) ट्राईनाइट्रोएनिलीन

**26.** प्रोपेनॉइक अम्ल से आरम्भ करके, निम्नांकित अभिक्रियाएँ की गई
प्रोपेनॉइक अम्ल $\xrightarrow{SOCl_2} X \xrightarrow{NH_3} Y \xrightarrow{Br_2+KOH} Z$
यौगिक $Z$ क्या है
(a) $CH_3-CH_2-Br$
(b) $CH_3-CH_2-NH_2$
(c) $CH_3-CH_2-C\begin{matrix}\nearrow O\\ \searrow Br\end{matrix}$
(d) $CH_3-CH_2-CH_2-NH_2$

**27.** अभिक्रिया $CH_3COOH \xrightarrow{PCl_5} (A) \xrightarrow{NH_3} (B) \xrightarrow{NaBrO} (C)$. में अन्तिम उत्पाद $(C)$ है
(a) अमोनियम एसीटेट (b) एसीटामाइड
(c) एमीनो मेथेन (d) एथेनल

**28.** निम्न क्रिया में $X$ है
$X \xrightarrow{\text{ब्रोमीनीकरण}} Y \xrightarrow{NaNO_2+HCl} Z \xrightarrow[C_2H_5OH]{\text{उबालने पर}}$ ट्राईब्रोमोबेन्जीन **[CPMT 1999]**
(a) बेन्जोइक अम्ल (b) सैलिसिलिक अम्ल
(c) फिनॉल (d) एनिलीन

**29.** निम्न में से कौनसी क्रिया से प्राथमिक एमीन प्राप्त नहीं होगा **[CPMT 1999]**
(a) $CH_3CONH_2 \xrightarrow{KOH.Br_2}$
(b) $CH_3CN \xrightarrow{LiAlH_4}$
(c) $CH_3NC \xrightarrow{LiAlH_4}$
(d) $CH_3CONH_2 \xrightarrow{LiAlH_4}$

**30.** कार्बिल एमीन अभिक्रिया दी जाती है **[BHU 1996; EAMCET 1990]**
(a) $1^o$ एमीन द्वारा (b) $3^o$ एमीन द्वारा
(c) $2^o$ एमीन द्वारा (d) चतुष्क लवण द्वारा

**31.** अभिक्रिया
$C_6H_5NH_2 + CHCl_3 + 3KOH \rightarrow C_6H_5NC + 3KCl + 2H_2O$
जानी जाती है **[BHU 1996]**
(a) कार्बिल एमीन अभिक्रिया के नाम से
(b) रीमर-टीमेन अभिक्रिया के नाम से
(c) कॉल्बे अभिक्रिया के नाम से
(d) हॉफमैन-डीग्रेडेशन अभिक्रिया के नाम से

**32.** $CH_3CONH_2 \xrightarrow{Na+ROH} Z + H_2O$.
यहाँ $Z$ है **[CPMT 1996]**
(a) $CH_3CH_2NH_2$ (b) $CH_3CH_2NC$
(c) $CH_3CH_2CH_3$ (d) $NH_2CONH_2$

**33.** निम्न में से कौन क्लोरोफॉर्म तथा क्षार से क्रिया करके फेनिल आइसोसायनाइड देता है **[AFMC 1997]**
(a) एनिलीन (b) फिनॉल
(c) बेन्जीन (d) नाइट्रोबेन्जीन

**34.** एरोमैटिक प्राथमिक एमीन को ठण्डे $HNO_2$ के साथ अभिकृत करवाने पर प्राप्त होता है **[Pb. CET 2002; DCE 1999]**
(a) बेंजिल एल्कोहल (b) नाइट्रो बेन्जीन
(c) बेन्जीन (d) डाईएजोनियम लवण

**35.** निम्न में से कौनसा यौगिक प्रबलतम क्षार है **[BHU 1999]**
(a) अमोनिया (b) एनिलीन
(c) मेथिल एमीन (d) $N$-मेथिल एनिलीन

